# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बुद्ध पूर्णिमा आज



haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 23 मई 2024







हरिभूमि -आईएनएच का एक और खुलासा

**औरदा का दिया था पता, गांव वाले बोले- इस नाम का कभी कोई यहां रहा ही नहीं**

# संस्कृत बोर्ड की कथा अनंता.... मोहनमती के बाद अब मनीषा गर्ग के फार्म पर उठे सवाल

*संस्कृत बोर्ड फर्जीवाड़ा के खुलासे के बाद शासन स्तर पर कार्रवाई तो चल ही रही है, लेकिन फर्जीवाड़ा का दायरा भी बढ़ता जा रहा है। खरसिया विकासखंड के औरदा में संचालित दीपांशु संस्कृत विद्यालय में फर्जीवाड़े का एक और मामला सामने आया है। मोहनमती भारद्वाज के बाद अब एक और छात्रा के फार्म में फर्जी पता भरकर परीक्षा दिलाने की जानकारी हरिभूमि आईएनएच की पड़ताल में सामने आई है। मामले की तह तक पहुंचने आईएनएच रिपोर्टर अमित गुप्ता व हरिभूमि के ब्यूरो चीफ पंकज तिवारी बुधवार को फिर एक बार औरदा गांव पहुंचे और इस बार मनीषा गर्ग से जुड़ी जानकारी जुटानी शुरु की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

हरिभूमि फॉलोअप

हालांकि परीक्षा में फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद दीपांशु संस्कृत विद्यालय में ताला बंद नजर आया। मोबाइल पर सम्पर्क करने पर संचालक दिनेश खुंटे ने अपने रायपुर में होने की जानकारी दी। इसके बाद हरिभूमि व आईएनएच रिपोर्टर ने औरदा के ग्रामीणों और ग्राम पंचायत सरपंच से मनीषा गर्ग पिता पिताम्बर गर्ग के विषय में जानकारी जुटाने का प्रयास किया।





पूछताछ में ग्राम सरपंच तिहारुराम सिदार ने बताया कि उनके गांव व पूरी पंचायत में कोई भी गर्ग परिवार कभी निवासी नहीं रहा। सरपंच के दावे को औरदा के पूर्व सरपंच निर्मल कुमार डनसेना ने पुष्टि के साथ बताया कि पिताम्बर गर्ग और मनीषा गर्ग के नाम से कोई भी गांव में नहीं रहता, जबकि मीडिया के हाथ लगे आवेदन पत्र ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अधिकारियों के बच्चे दे रहे परीक्षा

औरदा के पूर्व सरपंच निर्मल प्रसाद डनसेना ने एक सनसनीखेज जानकारी साझा करते हुए बताया कि दीपांशु संस्कृत विद्यालय में सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के बच्चे परीक्षा देने बड़ी संख्या में पहुंचते देखे गए हैं। पूर्व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के मुताबिक संभवतः नौकरी के लिए सर्टिफिकेट की जरूरत के कारण दीपांशु संस्कृत विद्यालय को सुरक्षित ठिकाना मानकर इसका उपयोग ▶▶| शेष पेज 4 पर

## तीन सदस्यीय कमेटी बनी, माशिम सचिव और जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे जांच

*लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक राकेश पांडेय को बोर्ड का प्रभार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ स्कूल शिक्षा विभाग ने एक ही दिन में जारी किए तीन आदेश

टॉपर्स कांड में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बुधवार को एक के बाद एक तीन आदेश जारी करते हुए कई फेरबदल किए गए। संस्कृत विद्यामंडल की सचिव अल्का दानी को उनके पद से हटाते हुए उन्हें वापस उनके मूल पद में भेज दिया गया है। उन्हें आगामी आदेश तक शासकीय कन्या उच्चतर




माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में बतौर प्राचार्य सेवाएं देनी होंगी। उनके स्थान पर रायपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडेय को संस्कृत विद्या मंडल का ▶▶| शेष पेज 4 पर

### विभागीय प्रक्रिया का करेंगे पालन

इधर, संस्कृत विद्यामंडलम के नए सचिव राकेश पांडेय ने कहा है कि शासन के निर्देशानुसार संतोष ठाकुर और परमेश्वर दयाल चौबे को बर्खास्त कर दिया गया है। जांच प्रारंभ कर दी गई है। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच सहित अन्य सवालों पर उन्होंने कहा कि जो भी विभागीय प्रक्रिया होगी, उसका पालन किया जाएगा। शासन से मिले आदेश ▶▶| शेष पेज 4 पर









**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड**

| बेंगलोर | | राजस्थान |
|---|---|---|
| 172/8 | VS | 174/6 |

4 विकेट जीती रॉयल्स

2 विकेट : रविचंद्रन अश्विन

प्लेयर ऑफ द मैच

कल का मैच

राजस्थान VS हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को राष्ट्रीय चुनाव का आह्वान किया। उन्होंने मतदान के लिए 4 जुलाई की तारीख तय की है। माना जा रहा है कि आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को 14 साल की सत्ता के बाद विपक्षी लेबर पार्टी के हाथों हार मिल सकती है।

### नाव पलटने से दो बच्चों समेत छह डूबे

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजनी बांध में नाव पलटने से दो बच्चों समेत छह लोग डूब गए। इंदापुर के तहसीलदार श्रीकांत पाटिल ने बताया कि डूबने वालों में तीन पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं।

मेल आईडी, गूगल फॉर्म जारी कर नक्सलियों से मांगा गया सुझाव


# नक्सल पुनर्वास नीति में होगा बदलाव सरकार ने माओवादियों से ही मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार नक्सल पुनर्वास नीति में बदलाव करने जा रही है। नियद नेल्ला बस्तर के तहत माओवादियों से पूछा गया है कि वे अपनी पुनर्वास नीति में क्या चाहते हैं। मेल आईडी, गूगल फॉर्म जारी कर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से अनुरोध किया है कि वह बताएं कि उनकी पुनर्वास नीति क्या होनी चाहिए।



मुख्यमंत्री इस बात का संकेत दे चुके हैं कि हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 4 पर



*नियद नेल्ला बस्तर के तहत भेजा जा सकता है*

### प्रोत्साहन राशि व सुविधा

प्रत्येक नक्सली को समर्पण पर प्रोत्साहन के लिए 25 हजार रुपये की राशि देने का नियम है। नक्सल पीड़ित के समान ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को सुविधाएं देने का प्रावधान है। सक्रिय, पांच लाख या अधिक के इनामी नक्सली को आत्मसमर्पण पर 10 लाख की राशि पृथक से देने, समर्पित हथियार के बदले देय मुआवजा राशि का प्रावधान है। यह राशि बैंक में सावधि जमा की जाती है और इसका ब्याज समर्पित नक्सली को मिलता है। तीन साल बाद चाल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जगदलपुर पहुंचे गृहमंत्री

उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा बुधवार को एकाएक बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर पहुंचे। यहां गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा राज्य में नक्सल उन्मूलन को लेकर सरकार की इस नीति की सराहना हो रही है। लंबे समय से सरकार की नीति को लेकर सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। संभवतः पुनर्वास नीति में इतना आकर्षण नहीं था कि नक्सली उसके प्रति आकर्षित हों। यही वजह थी कि यहां सक्रिय रहकर वारदातों को अंजाम देने वाले नक्सली आंध्र में जाकर समर्पण किया करते थे। यह भी एक वजह हो सकती है कि सरकार पुनर्वास नीति में जरुरी फेरबदल करने जा रही है।

एक्सिस माइ इंडिया के सीईओ से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

# मोदी भाजपा के सुपर ट्रंप कार्ड हैं, और संगठन का इस्तेमाल भाजपा जैसा कोई नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एक्सिस माई इंडिया के फाउंडर, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता का कहना है कि देश में दो प्रमुख मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी के हैं। ये मुद्दे 50 साल पहले भी थे और 50 साल बाद भी रहेंगे। इसमें अंतर कम ज्यादा हो सकता है। भाजपा के संगठन के संबंध में उनका कहना है कि आज भी संगठन का इस्तेमाल बीजेपी जैसा कोई पार्टी नहीं कर पाती है, न ही कर सकेगी। उसकी कल्पना भी कोई पार्टी नहीं कर सकती है। संगठन ऐसी चीज है, जो छिपा रहता है, वोटर को पोलिंग बूथ तक लेकर आता है। उन्होंने इस चुनाव के नरेंद्र मोदी केंद्रित होने पर कहा, श्री मोदी भाजपा के सुपर ट्रंप कार्ड हैं। मतलब कि जनता उन्हें मानती है और स्वीकार करती है। यह भाजपा समझती है। श्री गुप्ता ने यह बात चुनावी संवाद कार्यक्रम में आईएनएच हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से कही। बातचीत के प्रमुख अंश।




■ ***2014 जब देश ने स्पष्ट जनादेश दिया था एक पार्टी के संदर्भ में, 2019 जब वह जनादेश बरकरार रहा बल्कि उस पार्टी के नेता के संदर्भ में कुछ बढ़कर दिखा, अब 2024 क्या उसी दिशा में कुछ देख रहे हैं आप या कुछ बदलाव की आहट सुनाई दी है आपको इस दौरान।***

■ एक्सिस माई इंडिया में हम लोग ओपिनियन पोल और प्री पोल करते नहीं, खासकर इस समय चुनाव आयोग की हमारी जैसी एजेंसियों पर पाबंदी लगी होती है कि हम किसी भी तरह का एग्जिट पोल या उसी तरह का अनुमान लगाने की कोशिश न करें, न रिलीज करें न बात करें। तो बड़ी विनम्रता से इस मामले में सबसे माफी चाहता हूं। हर चुनाव के मामले में मेरा ऐसा मानना है कि तीन चीजों के इर्द-गिर्द चुनाव घूमता है, कोई भी चुनाव हो। वो है दावे, वादे और इरादे। दावे वो हैं जो सरकार में हैं वो तरह तरह के दावे बताएंगे कि लोगों के जीवन में ये सकारात्मक परिवर्तन लाया। और वादे वो हैं जो विपक्षी पार्टी हैं उनके पास तो कोई च्वाईस नहीं है वो जो वादे करेंगे कि वो नई नई चीज लोगों के लिए लेकर आएंगे। इन वादों पर जनता अपने इरादे जताती है। जिनको भी वह उपयुक्त पाती है उनके ट्रैक रिकार्ड के आधार पर, उसको वो चुनकर भेजते हैं और अपना निर्णय करते हैं। ये एक चुनावी प्रक्रिया होती है। ▶▶| शेष पेज 4 पर






# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। बाकी दो चरणों के लिए मतदान 25 मई और 1 जून को कराए जाएंगे। सातवें दौर के नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों में से 99 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।*

*एडीआर ने सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का जारी किया आंकड़ा*

# सातवें चरण में 199 दागी, 299 करोड़पति पांच सबसे अमीर उम्मीदवारों में कंगना भी

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

एडीआर की रिपोर्ट में 904 में से 199 (22 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 151 (17 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 13 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 27 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 13 हैं। इन 13 में से दो उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 25 उम्मीदवार हैं।






### ये हैं दलवार आंकड़े

एडीआर ने सातवें चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं। टीएमसी के नौ में से सात, सपा के नौ में से सात, माकपा के आठ में से पांच, शिअद के 13 में से आठ, भाजपा के 51 में से 23, कांग्रेस के 31 में से 12, आप के 13 में से पांच, बीजद के छह में से दो, भाकपा के सात में से दो और 56 में से 13 में बसपा के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। वहीं, सपा के नौ में से छह, माकपा के आठ में से चार, भाजपा के 51 में से 18, टीएमसी के नौ में से तीन (33 प्रतिशत), बीजद के छह में से दो, शिअद के 13 में से चार, आप के 13 में से चार, कांग्रेस के 31 में से सात, बसपा के 56 में से 10 और सात में से एक भाकपा के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

904 में से 33 प्रतिशत यानी 299 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 44 उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 30 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.27 करोड़ की संपत्ति है।

### सबसे अमीर प्रत्याशी

सातवें चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। पंजाब के बठिंडा से शिअद प्रत्याशी हरसिमरत ने कुल 198 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर भाजपा के बैजयंत पांडा हैं। ओडिशा की केंद्रपाड़ा सीट से चुनाव लड़ रहे पांडा ने अपने हलफनामे में 148 करोड़ की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी भाजपा के संजय टंडन हैं। चंडीगढ़ सीट से चुनाव लड़ रहे टंडन की संपत्ति 111 करोड़ की है। अधिक संपत्ति के मामले में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से चुनाव लड़ रहे दो प्रमुख उम्मीदवार भी शामिल हैं। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। वहीं फिल्म अभिनेत्री और भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने 91 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उधर तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति 1500 रुपये से 2500 रुपये के बीच घोषित की है। इन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश 2 रुपये, 1686 रुपये और 200 रुपये बताई है।

### 44% उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 402 (44 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 430 (48 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 20 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 26 उम्मीदवार साक्षर जबकि 24 उम्मीदवार असाक्षर भी हैं। उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 243 (27 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 481 (53 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 177 (20 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। तीन उम्मीदवारों ने अपनी आयु 80 वर्ष से अधिक घोषित की हैं।

## सोशल मीडिया

### 'वीडियो नहीं आते तो भाजपा की साजिश पता नहीं चल पाती'



टीएमसी नेता ममता बनर्जी ने कहा 'संदेशखाली में महिलाओं के साथ जो कुछ भी हुआ, उससे मैं दुखी हूं। किसी को भी महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। अगर वीडियो सामने नहीं आते तो लोग भाजपा की साजिश को कभी समझ ही नहीं पाते।' टीएमसी प्रमुख की यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि एक स्थानीय भाजपा नेता ने संदेशखाली की कई महिलाओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए। बाद में कागज को टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों से भर दिया गया।

### देश में पिछले दस साल में डर का माहौल देखने को मिला : वाड्रा



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मैं हमेशा निशाने पर रहता हूं. हमेशा मैं यहीं लोगों के बीच रहता हूं. लेकिन मुझ पर जो भी आरोप लगाए गए हैं, वो साबित नहीं कर पाए. उनके पास कोई सबूत नहीं है। पिछले दस साल में डर का माहौल देखने को मिला और लोगों को परेशान किया गया। उद्योगपति देश छोड़कर भाग गए. धर्म की राजनीति हुई है। मैं धर्म की राजनीति नहीं करता. मैं समाज सेवा करता हूं. मुझे किसी पद की जरूरत नहीं है। मैं राहुल गांधी की सोच और मेहनत देखता हूं. अगर राहुल पीएम बनेंगे तो लोगों के लिए काम करेंगे।

## भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को बीजेपी ने पार्टी से निकाला

**एनडीए उम्मीदवार के खिलाफ लड़ रहे हैं चुनाव**



**नई दिल्ली।** भोजपुरी सुपरस्टार और काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते बाहर का रास्ता दिखाया है। वह काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी ने कहा कि पवन सिंह एनडीए के ऑफिशियल प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ये काम दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है और पार्टी अनुशासन के खिलाफ ये कार्य किया गया है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के आदेश के अनुसार पार्टी से निष्कासित किया गया है। इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से टिकट दिया था, लेकिन सिंह ने यहां से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया।

### आसनसोल से किया था इंकार

बीजेपी ने जैसे ही पश्चिम बंगाल के आसनसोल से पवन सिंह की उम्मीदवारी का ऐलान किया था, वैसे ही सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान छिड़ गया। पवन सिंह पर आरोप लगाए गए कि उन्होंने महिलाओं को अपमानित करने वाले कुछ गाने गाए हैं, जिसको लेकर जमकर विवाद हुआ. इसी विवाद के बीच पवन सिंह ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। कहा ये भी जा रहा था कि पवन सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लेने से पहले राष्ट्रीय जनता दल से टिकट मांगा था, लेकिन उनकी बात नहीं बन सकी।

## मतदान के आंकड़ों में इतना ज्यादा अंतर कैसे आया?

**कमलनाथ ने चुनाव आयोग को घेरा**



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के चारों चरणों के मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, देश में अब तक पांच चरणों में मतदान हो चुका है। चुनाव आयोग के आंकड़ों को लेकर एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ ने चुनाव आयोग को घेरा है। बता दें कि कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में रियल टाइम मतदान और बाद में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित मतदान के आंकड़ों में अब तक 1.07 करोड़ वोटों की वृद्धि हुई है। रियल टाइम और संशोधित आंकड़ों में वोटों की इतनी बड़ी वृद्धि अभूतपूर्व एवं चौंकाने वाली है। देश में चल रहे लोक सभा चुनाव में रियल टाइम मतदान और बाद में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित मतदान के आंकड़ों में अब तक 1.07 करोड़ वोटों की वृद्धि हुई है।

### तत्काल स्थिति को स्पष्ट करे आयोग

कमलनाथ ने आगे लिखा कि माननीय निर्वाचन आयोग से आग्रह करता हूं कि वह तत्काल स्थिति को स्पष्ट करे। चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने के साथ पारदर्शी भी होनी चाहिए। पारदर्शिता के अभाव में कई बार सही प्रक्रिया भी गलत दिखाई देने लगती है। माननीय निर्वाचन आयोग को सभी भ्रम और शंका दूर करने के लिए सामने आना चाहिए और स्पष्ट बताना चाहिए कि आखिर वोटिंग के आंकड़ों में इतना बड़ा अंतर कैसे आया और इसकी क्या वजह है?

**'इंडिया' के सामने हैट्रिक बनाने से रोकना है चुनौती**

# राजधानी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 10 साल से भाजपा काबिज

*अठारहवीं लोकसभा के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण में 25 मई को चुनाव होगा। पिछले दस साल से यहां सभी सीटों पर भाजपा काबिज है, जिसे 'क्लीन स्वीप'करके हैट्रिक बनाने से रोकने के लिए दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी उसी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरी है, जिससे पिछले चुनाव में 36 का आंकड़ा था। विपक्षी गठबंधन इंडिया के तहत आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा को चुनौती देने का प्रयास कर रही है।*

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने इस गठजोड़ को चुनौती देने के लिए अपनी चुनावी रणनीति में व्यापक फेरबदल करते हुए छह लोकसभा सीटों पर नए चेहरों पर दांव खेला है। केवल उत्तर पूर्वी दिल्ली से ही मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को जीत की तिगड़ी बनाने का मौका दिया है, जिसे चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने चर्चित कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। बहरहाल इस बार दिल्ली में भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प और कड़ा चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं, जहां सभी की नजरें लगी हुई हैं।

### उत्तर पूर्वी दिल्ली

भाजपा ने भोजपुरी गायक और दो बार के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाकर तीसरी बार भरोसा जताया है। इस सीट पर भाजपा के विजय रथ को रोकने की रणनीति से विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में मनोज तिवारी ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। इस सीट पर बसपा ने भी अशोक कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर 28 प्रत्याशी अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।

### चांदनी चौक

यहां भाजपा ने दिल्ली के प्रसिद्ध व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में पराजित जयप्रकाश अग्रवाल को प्रत्याशी बनाकर भरोसा जताया है। /जबकि यहां चुनाव मैदान में कूदे 25 प्रत्याशियों में बसपा ने मुस्लिम व दलित समीकरण साधने के लिए अबुल कलमा आजाद को चुनाव मैदान में उतारा है।

### किस दल ने कहां से किसे बनाया प्रत्याशी



### उत्तर पश्चिम दिल्ली

राजधानी की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद एवं गायक हंसराज हंस का टिकट काटकर उतरी नगर निगम के पूर्व मेयर योगेंद्र चंदोलिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि कांग्रेस ने यहां दलितों की राजनीति करते रहे उदित राज को चुनाव मैदान में उतारा है, जो पिछले चुनाव में भाजपा से पराजित हो गये थे। इस सीट पर 26 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### नई दिल्ली

यह लोकसभा सीट अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है, जहां से दो बार पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा केसी पंत, लालकृष्ण आडवाणी, संघ के बलराज मधोक, यूपी की सीएम रही सुचेता कृपलानी और फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना भी सांसद रह चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने मौजूद सांसद मीनाक्षी लेखी की जगह भाजपा दिग्गज रही स्व. सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडी गठबंधन से यहां आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती चुनाव मैदान में हैं।

### पूर्वी दिल्ली

इस लोकसभा सीट को हॉट सीट माना जा रहा है। यहां भाजपा ने मौजूदा सांसद एवं क्रिकेटर गौतम गंभीर का टिकट काटकर हर्ष मल्होत्रा के रुप में नया चेहरा उतारा है। भाजपा के खिलाफ आप ने इस सीट से कुलदीप कुमार (मोनू) को अपना प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है। पिछले चुनाव में यहां आप की अतिशी पराजित हुई थी। इस सीट का यह भी इतिहास रहा है कि यहां से आज तक कोई महिला लोकसभा नहीं पहुंच सकी। इस सीट पर 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### दक्षिणी दिल्ली

राजधानी में वीआईपी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों को कवर करने वाली इस सीट पर भाजपा ने दो बार के मौजूदा सांसद रमेश विधूड़ी की जगह दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामबीर सिंह विधूडी को अपना प्रत्याशी बनाकर बड़ा दांव खेला है। जबकि इंडी गठबंधन से आम आदमी पार्टी ने सहीराम पहलवान को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### पश्चिमी दिल्ली

दिल्ली की इस सीट पर भाजपा ने नए चेहरे के रुप में दक्षिणी दिल्ली की पूर्व मेयर महिला प्रत्याशी कमलजीत सहरावत पर दांव खेला है, जबकि दो बार के मौजूदा सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काट दिया गया है। इस सीट पर भी इंडी गठबंधन से आप का प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद महाबल मिश्रा चुनाव मैदान में है, जिन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

*हरियाणा में राहुल गांधी ने जवानों और किसानों के लिए किया बड़ा ऐलान*

# 'अग्निवीर योजना को हम फाड़-फूड़ के कूड़ेदान में डालने जा रहे हैं'

एजेंसी ▶▶ सोनीपत

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा के सोनीपत में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि यह पीएम मोदी की योजना है और इस पीएमओ ने बनाया गया है। मंच से बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, "नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार हिंदुस्तान के जवानों को मजदूर में बदल दिया है वो कहते हैं कि दो तरीके के शहीद होंगे एक नॉर्मल जवान या अफसर, उसके परिवार को पेंशन



मिलेगी, शहीद का दर्जा मिलेगा और सारी की सारी सुविधाएं मिलेंगी और दूसरा गरीब घर का बेटा, जिसको अग्निवीर नाम दिया है।"उन्होंने आगे कहा, "इस अग्निवीर को ना शहीद का दर्जा मिलेगा, ना पेंशन मिलेगी, ना कोई सुविधा मिलेगी, ना कैंटीन मिलेगी। यह योजना नरेंद्र मोदी की योजना है। यह सेना की योजना नहीं है।

### सबको मिलेगा शहीद का दर्जा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, "अगर हरियाणा का युवा शहीद होगा, चाहे वह कोई भी हो एक ही तरीके के शहीद होंगे सारी की सारी फैसेलिटीज सबको मिलेंगी। हिंदुस्तान की सरकार सबकी रक्षा करेगी, पेंशन सबके परिवारों को मिलेगी, शहीद का दर्जा सबको मिलेगा। तो पहली बार आपसे कहना चाहता हूं अग्नि वीर योजना को हम फाड़-फूड़ कर कूड़ेदान में डालने जा रहे हैं।"

*नड्डा, खड़गे को फिर दिया नोटिस*

# धार्मिक मुद्दों, अग्निवीर योजना पर न हो बयानबाजी : चुनाव आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में नेताओं के प्रचार और बयानबाजी को लेकर चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी-अपनी पार्टी के स्टार प्रचारकों को अपने बयान सही करने, सावधानी बरतने और मर्यादा में रहने के लिए औपचारिक नोट जारी करने का निर्देश दिया है। चुनाव प्रचार की गिरती गुणवत्ता के मद्देनजर आयोग ने बीजेपी और कांग्रेस को यह निर्देश जारी किया है। चुनाव आयोग ने जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया है। आयोग ने कहा कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल को चुनाव के कारण प्रभावित नहीं किया जा सकता।



### समाज को बांटने वाले भाषण बंद करे भाजपा

चुनाव आयोग ने कहा कि दोनों बड़ी पार्टियों को भारतीय मतदाता के गुणवत्तापूर्ण चुनावी अनुभव की विरासत को कमजोर करने की इजाजत नहीं है। इलेक्शन कमीशन ने बीजेपी और उसके स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार में धार्मिक और सांप्रदायिक बयानों से परहेज करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने बीजेपी से समाज को बांटने वाले भाषण को बंद करने के लिए कहा है।

### बीजेपी उम्मीदवार पर एक्शन

इससे पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और तमलुक सीट से बीजेपी उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी थी। आयोग ने उन्हें अपने सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की भी सख्त चेतावनी दी थी। बता दें कि अभिजीत के खिलाफ टीएमसी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

**बसपा ने खड़े किए सबसे ज्यादा मुस्लिम प्रत्याशी, लेकिन पहले से है संख्या कम**

# 12 पार्टियों ने उतारे 1490 उम्मीदवार, इनमें 80 हैं मुस्लिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या लगातार घटती जा रही है। 2019 में जहां कांग्रेस, टीएमसी, सपा, राजद, एनसीपी और सीपीएम ने 115 मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था, वहीं 2024 में 12 राजनीतिक दलों ने कुल 1490 उम्मीदवारों को टिकट दिया और इनमें से सिर्फ 80 मुस्लिम हैं। बीजेपी ने सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार को चुनाव में टिकट दिया है जबकि बिहार में इसकी सहयोगी जेडीयू ने कुल दो मुस्लिम नेताओं को प्रत्याशी बनाया है।

**इस चुनाव में घटी मुस्लिम प्रत्याशियों की संख्या**




### बसपा ने दिए इतने टिकट

2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा एक ऐसा राजनीतिक दल है जिसने सबसे ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने 35 मुसलमानों को टिकट दिया है। इसमें से 17 टिकट यूपी में दिए हैं जबकि मध्य प्रदेश में चार, बिहार और दिल्ली में तीन-तीन, उत्तराखंड में दो और राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना और गुजरात में एक-एक मुस्लिम नेता को बसपा चुनाव लड़ा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय के 39 नेताओं को बसपा ने प्रत्याशी बनाया था लेकिन 2014 में यह आंकड़ा 61 था। इसका मतलब यह है कि बसपा ने भी 2014 के मुकाबले मुस्लिम समुदाय के उम्मीदवारों को लगातार कम टिकट दिए हैं।

### सपा ने चार, आरजेडी ने दो मुस्लिमों को दिया टिकट

समाजवादी पार्टी ने सिर्फ चार मुस्लिम नेताओं को टिकट दिया है जबकि उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि मुस्लिम समुदाय के बड़े हिस्से का समर्थन सपा के साथ है 2019 में सपा ने 2024 के मुकाबले दोगुने उम्मीदवारों को टिकट दिया था 2014 में सपा की ओर से उतारे गए मुस्लिम उम्मीदवारों का आंकड़ा 39 था। बिहार में लंबे वक्त तक सरकार चलाने वाली राष्ट्रीय जनता दल का मुख्य आधार मुस्लिम यादव वोट बैंक ही है लेकिन राजद ने भी इस बार सिर्फ दो मुसलमानों को प्रत्याशी बनाया है जबकि 2019 में उसने पांच मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे और 2014 में यह आंकड़ा 6 था।

### कांग्रेस ने उतारे 19 उम्मीदवार

कांग्रेस ने इस बार 19 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव में उतारे हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 34 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था। मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारने के मामले में टीएमसी तीसरे नंबर पर है टीएमसी ने कुल 6 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं और इसमें से पांच टीएमसी के शासन वाले पश्चिम बंगाल में है एक मुस्लिम उम्मीदवार को टीएमसी ने असम में टिकट दिया है।

### जीते थे 26 मुस्लिम उम्मीदवार

2019 में 26 मुस्लिम उम्मीदवार जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इनमें से कांग्रेस और टीएमसी के चार-चार सांसद थे, तीन-तीन सांसद बसपा और सपा के थे और एनसीपी और सीपीएम का एक-एक सांसद था। बाकी सांसद एआईयूडीएफ, लोक जनशक्ति पार्टी (अविभाजित) आईयूएमएल और जे एंड के नेशनल कांफ्रेंस के थे।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## यहां हीट वेव का अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, 25 मई तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश और गुजरात में भीषण लू का दौर जारी रहेगा। इस दौरान तेज गर्म हवाएं चलेंगी और दिन में पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आईएमडी के मुताबिक, इस पूरे दिल्ली का अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।



**कोयंबटूर में 24 घंटे में हुई 5 इंच बारिश**

**राजस्थान, हरियाणा में गर्मी ने किया बेहाल**

**बंगाल की खाड़ी में मछुआरों को किया अलर्ट**

# अजीब मौसम, दक्षिण में मूसलाधार, राजस्थान में 48 डिग्री!

## केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट, बाड़मेर रहा सबसे गर्म स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में भीषण गर्मी और मूसलाधार बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। कुछ राज्यों के लोग चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों की मार झेल रहे हैं। वहीं, कुछ राज्यों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में गर्मी लगातार विकराल होती जा रही है, जहां बुधवार को बाड़मेर में ▶▶|शेष पेज 4 पर




### अन्य राज्यों में मौसम का हाल

स्काईमेट के मुताबिक, केरल और दक्षिणी तमिलनाडु में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं कुछ इलाकों में भारी बारिश की आशंका है। तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और अंडमान में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### आगे बढ़ा दक्षिण पश्चिम मानसून

दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए दक्षिण अरब सागर, मालदीव के कुछ भाग, कोमरान क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा अंडमान सागर तक पहुंच चुका है। परिस्थितियों अनुकूल बनी हुई है।

## छग में कई इलाकों में झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुबह के वक्त तेज धूप के साथ उमसभरी गर्मी की परेशानी के बाद शाम होते रही राजधानी रायपुर समेत पूरे जिले में झमाझम बारिश हुई है। रायपुर के साथ दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम में भी बादल जमकर बरसे हैं। बारिश की वजह से मौसम में हुए बदलाव के बाद कल तापमान में पुनः गिरावट आने की संभावना है। मई के महीने में एक दिन भी ऐसा नहीं गुजरा है, जब राज्य में बारिश नहीं हुई है। इसकी वजह से यहां लू जैसे हालात नहीं बन पाए। पिछले दिनों से प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का प्रवेश हो रहा है, जो कहीं-कहीं बादल बनकर बरस भी रहे हैं। बुधवार ▶▶|शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### वियतनाम के टू लैम होंगे नए राष्ट्रपति



**बैंकाक।** वियतनाम के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी टू लैम देश के नए राष्ट्रपति होंगे। राष्ट्रपति पद के लिए उनके नाम की पुष्टि बुधवार को की गई। टू लैम ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी के पद पर रहते हुए अनेक पुलिस और खुफिया अभियानों का संचालन किया है। नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति पद के लिए लैम के नाम की पुष्टि।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 23 को आएंगे त्रिपुरा



**अगरतला।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 23 मई को अपने छह दिवसीय दौरे पर त्रिपुरा पहुंचेंगे। भागवत पश्चिमी त्रिपुरा के खैरपुर स्थित आरएसएस के राज्य मुख्यालय में प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे।

### बर्ड फ्लू का प्रकोप, 920 पक्षियों को मारा गया



**रांची।** झारखंड सरकार ने राजधानी रांची के एक पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बुधवार को एक अलर्ट जारी किया।मोराबादी में राम कृष्ण आश्रम द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म 'दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र' में 770 बत्तखों समेत 920 पक्षियों को मार दिया गया। कुल 4,300 अंडों को भी नष्ट कर दिया गया है।

### शाहरुख की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**अहमदाबाद।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के फैंस के बीच हलचल मची हुई है। खबर है कि शाहरुख को अहमदाबाद के केडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जानकारी के मुताबिक, सुपरस्टार की तबीयत खराब होने के चलते ऐसा किया गया। डीहाइड्रेशन का शिकार हुए थे।

### चाईबासा में साढ़े पांच करोड़ की अफीम जब्त



**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले में पुलिस ने 5.58 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 37.23 क्विंटल अफीम जब्त की है। चाईबासा की ओर अफीम से भरा एक ट्रक जाने की गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने एक पुलिस छापेमारी दल का गठन किया। इस दल को जांच के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

## हाईकोर्ट ने बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी दर्जा रद्द किया

### अब तक के लाभार्थी प्रभावित नहीं होंगे
### करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाण पत्र हो सकते हैं रद्द

# ममता सरकार को बड़ा झटका, 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) दर्जा रद्द कर दिया। राज्य की नौकरियों में रिक्तियों के लिए 2012 के एक अधिनियम के तहत इस तरह के आरक्षण को अवैध पाया। कोर्ट ने 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़े वर्ग प्रमाण पत्र रद्द करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद करीब 5 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द होने का अनुमान है। इस बीच, एक सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कोर्ट का फैसला स्वीकार्य नहीं है।**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिन वर्गों का ओबीसी दर्जा हटाया गया है, उसके सदस्य यदि पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं या राज्य की किसी चयन प्रक्रिया में सफल हो चुके हैं, तो उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी। मामले से जुड़े एक वकील ने कहा कि इस फैसले से राज्य में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे।

अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) (सेवाओं और पदों में रिक्तियों का आरक्षण) कानून, 2012 के तहत ओबीसी के तौर पर आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले कई वर्गों को संबंधित सूची से हटा दिया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शाह ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



*गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने बिना किसी सर्वे के 118 मुस्लिमों को ओबीसी आरक्षण दिया है। कोई कोर्ट चला गया और कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए 2010 से 2024 के बीच दिए सभी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिए। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पिछड़े वर्गों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देना चाहती हैं। मैं कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। ममता जी का कहना है कि वे हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। मैं बंगाल के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसा कोई मुख्यमंत्री हो सकता है, जो कहे कि कोर्ट का फैसला न माने। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। हम सुनिश्चित करेंगे कि कोर्ट का फैसला लागू हो।*



### अदालत का आदेश स्वीकार्य नहीं : ममता



*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में कई वर्गों के अन्य पिछड़ा वर्गके दर्जे को रद्द करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। बनर्जी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा क्योंकि इससे संबंधित विधेयक संविधान की रूपरेखा के भीतर पारित किया गया। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लाया गया ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा। हमने घर-घर सर्वेक्षण करने के बाद विधेयक बनाया था और मंत्रिमंडल तथा विधानसभा ने इसे पारित कर दिया था। तृणमूल प्रमुख ने कहा, भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का प्रयोग कर इसे रोकने की साजिश रची है।*

### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

*न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने कहा, ओबीसी किसे माना जाएगा, इसका फैसला विधानसभा करेगी। बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण को इसकी सूची तैयार करनी होगी। राज्य सरकार उस लिस्ट को विधानसभा में पेश करेगी। जिनके नाम इस लिस्ट में होंगे उन्हीं को ओबीसी माना जाएगा।*

### क्या है मामला

*पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के ओबीसी आरक्षण देने के फैसले के खिलाफ 2011 में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इसमें दावा किया गया कि 2010 के बाद दिए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट 1993 के पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम को दरकिनार कर दिए गए। याचिका में ये भी कहा गया कि जो लोग वास्तव में पिछड़े वर्ग से थे, उन्हें उनके सही सर्टिफिकेट नहीं दिए गए। इसे लेकर अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को 1993 के कानून के मुताबिक आयोग की सिफारिश विधानसभा को सौंपनी होगी। इसी के आधार पर ओबीसी की लिस्ट बनाई जाएगी।*

## राहुल ने मीडिया को कहा- ब्लैकमेलर, साय ने पूछा- क्या मीडिया संस्थान सहमत हैं?





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**राहुल गांधी द्वारा मीडिया को ब्लैकमेलर और बिकाऊ कहे जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए देशभर के मीडिया संस्थानों से यह पूछा है कि क्या वे कांग्रेस के युवराज के इस बयान से सहमत हैं?**

■ सोशल मीडिया में साय ने की राहुल के बयान की निंदा

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने अपने एक साक्षात्कार में भारतीय मीडिया पर सीधा आरोप लगाते हुए उसे बिकाऊ-ब्लैकमेलर कहा है। इस पर श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में लिखा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय मीडिया को ब्लैकमेलर और बिकाऊ कहा है। श्री गांधी ने हालिया प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा है हिंदुस्तान का मीडिया सिस्टम अब मीडिया सिस्टम नहीं रहा। साफ शब्दों में कहें, तो मीडिया पैसा कमाने के लिए राजनीतिक रूप से ब्लैकमेलिंग करने वाली व्यवस्था है। मैं भारतीय ▶▶|शेष पेज 4 पर

### यह आपातकाल वाली मानसिकता

इसके अलावा श्री गांधी ने छत्तीसगढ़ का उदाहरण देकर प्रदेश और यहां के मीडिया को विशेष तौर पर अपमानित किया है। यह निंदनीय है। उन्होंने बिना किसी तथ्य के छत्तीसगढ़ सरकार पर मीडिया को एक हजार करोड़ रुपए देने की बात कही है। हम इसकी भी निंदा करते हैं। राहुल का यह बयान बेहद आपत्तिजनक और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार है। यह आपातकाल वाली मानसिकता है। सभी मीडिया संस्थान को राहुल के इस बयान के विरुद्ध संज्ञान लेने की अपील करता हूं।

**नेपाली पर्वतारोही ने रचा इतिहास**

## कामी ने 30वीं बार माउंट एवरेस्ट पर की चढ़ाई



एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के दिग्गज पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने बुधवार को 30वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करके इतिहास रच दिया। उन्होंने 10 दिन पहले दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। '14 पीक्स एक्सपीडिशन' कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताशी लकपा शेरपा ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 30 साल में 30वीं बार

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिग्गज पर्वतारोही कामी ने मई 1994 में पहली बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। उनका जन्म 17 जनवरी, 1970 को हुआ था और उनकी पर्वतारोहण यात्रा 1992 में शुरू हुई थी। पिछले साल उन्होंने एक ही मौसम में 27वीं और 28वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की थी।

**पुणे पोर्श कांड में जस्टिस जुवेनाइल बोर्ड का आदेश**

## नाबालिग आरोपी की जमानत रद्द, भेजा गया बाल सुधार गृह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पुणे पोर्श हादसे में जस्टिस जुवेनाइल बोर्ड ने बुधवार को 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी की जमानत रद्द कर दी। अब उसे बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है। हिट एंड रन की ये घटना 19 मई की सुबह की है। पुणे के कल्याणी नगर इलाके में रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल के 17 वर्षीय बेटे ने अपनी स्पोर्ट्स कार पोर्श से बाइक सवार दो इंजीनियरों को रौंद दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना के 14 घंटे बाद आरोपी नाबालिग को कोर्ट से कुछ शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी। कोर्ट ने उसे 15 दिनों तक ट्रैफिक पुलिस के साथ काम करने और सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव-समाधान पर 300 शब्दों का निबंध लिखने का निर्देश दिया था। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शराब के नशे में था और बेहद तेज गति से कार को चला रहा था।



### पुलिस हिरासत में आरोपी के पिता

पुणे पोर्श कांड के आरोपी नाबालिग लड़के के पिता विशाल अग्रवाल को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुणे सेशन कोर्ट के आदेश के तहत वो 24 मई तक पुलिस की हिरासत में रहेंगे। इस दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी। उन्हें मंगलवार को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

**स्कूल-अस्पताल के बाद अब नॉर्थ ब्लॉक को धमकीभरा मेल**

# गृह मंत्रालय के दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्थ ब्लॉक को बम होने की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है। इससे पहले भी इस तरह की धमकी स्कूलों, अस्पतालों, तिहाड़ जेल, एयरपोर्ट और उत्तर-रेलवे की सीपीआरओ बिल्डिंग को मिल चुकी है। पुलिस और श्वान दस्ता, बम निरोधक दस्ता और बम का पता लगाने वाले दल तलाशी में जुटे रहे ।

■ 22 दिन में पांचवी बार धमकी वाला ईमेल, सुरक्षा अधिकारियों ने ली तलाशी



### नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध

एमएचए के एक वरिष्ठ अधिकारी को मेल के जरिये बम की धमकी मिली थी। ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं और गृह मंत्रालय की बिल्डिंग में तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इतना ही नहीं, यह ईमेल किसने भेजा और कहां से आया, इसकी भी तहकीकात शुरू हो गई है।

### 100 से अधिक स्कूलों को भी ऐसा ही ईमेल

1 मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले थे, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी। इसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल थे।

### अस्पतालों को भी मिली थी

दहशतगर्द ने हाल ही में दीप चंद बंधु अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल भेजा था। दिल्ली दमकल विभाग की ओर से तलाशी अभियान चलाया गया था लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। हर बार की तरह यह धमकी भी फर्जी निकली थी।




रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के साथ कैंसर से रहें दो कदम आगे

- जी-आई एवं गायनिक कैंसर की लेप्रोस्कोपिक व रोबोटिक सर्जरी
- हेड व नेक कैंसर की सर्जरी, ब्रेस्ट, लंग्स एवं गायनेकोलॉजिक तथा साफ्ट टिशु कैंसर के लिये सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी
- गॉल ब्लैडर कैंसर, लिवर कैंसर, बाइलडक्ट कैंसर, पेनक्रियास कैंसर
- ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया, लिंफोमा, मायलोमा) एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- कैंसर के मरीजों के लिये पेन मैनेजमेंट एवं भावनात्मक, आध्यात्मिक तथा मानसिक सहयोग

अत्याधुनिक तकनीक के साथ अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा कैंसर का संपूर्ण उपचार

24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन: 0771 6165656

श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर

MAHESHWARI 4550

चिंतन

# चुनाव प्रचार में भाषा संयम एवं शब्दों की मर्यादा जरूरी

लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। अभी 25 मई और एक जून को दो चरणों में मतदान शेष है। अभी तक का चुनाव न केवल बेहतर रहा, बल्कि चुनाव आयोग के प्रयासों से शांतिपूर्वक भी हुआ, लेकिन अब तक के चुनाव में एक चीज की कमी खली वो है, वो है प्रचार के दौरान राजनीतिक मर्यादा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों तक में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बाण छोड़ रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक भी हैं। ऐसा नहीं है कि इन सब पर चुनाव आयोग मौन है। आयोग एक के बाद एक नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन नेताओं पर इसका खास असर होता नहीं दिखता। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? एक तरफ गर्मी की चुभन है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है, लेकिन कोई समझने को तैयार नजर नहीं आता। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप हैरान करने वाला था। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान नहीं तो और क्या था। कभी वो समय था जब देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल राजनीति के महत्वपूर्ण अंग थे। कहा जाता था कि लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। धीरे धीरे राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज 'पप्पू' शहजादा, शहंशाह, चोर जैसे शब्द हमारी राजनीति में घुस चुके हैं। क्या राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। राजनीति में स्तरहीन, हल्की बातें कहने का चलन काफी समय से है, लेकिन बीते दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। चुनाव आयोग ने एक बार फिर बुधवार को चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी करके भाषणों में मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल इसे गंभीरता से लेंगे और सियासत में धीरे-धीरे प्रवेश कर रही गंदगी साफ हो जाएगी।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# वादों के बाद अब दावों का दौर

**महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी का अपना मत है। बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं।**

आम चुनाव की मतगणना की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता बनर्जी का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी अपने हिसाब से बीजेपी की सीटें घटा रहे हैं। दिलचस्प यह है कि इस पूरे कोलाहल के बीच बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच बीजेपी का नेतृत्व अपने ढंग से अपनी सीटें बढ़ाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी तीस मई तक रैली का कार्यक्रम है तो अमित शाह आखिरी दौर तक अपनी सीट बढ़ाने की कोशिश में प्राणपण से लगे हुए हैं।

सबसे पहले दावों की ही बात कर लेते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अपनी रैलियों में अरसा पहले से दावा कर रहे हैं कि बीजेपी इस बार 180 सीटों पर सिमटने जा रही है। हालांकि उनके ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीजेपी को दो सौ सीटों के नीचे सिमटाने का दावा कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अलग, किंतु राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के साथ बीजेपी का विरोध कर रही ममता बनर्जी का दावा है कि बीजेपी को इस बार 220 तक सीटें मिल रही हैं। अखिलेश यादव का तो दावा है कि बीजेपी को उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलने जा रही है। तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि बीजेपी को इस बार सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिलेगा। केजरीवाल भी ऐसा ही कह रहे हैं। बीजेपी को सिमटाने का दावा करने वाले नेताओं की पार्टियों का हाल देखना जरूरी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इतिहास में सबसे कम यानी 322 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, जिनमें से दो सीटों पर से उसके उम्मीदवार मैदान खाली कर चुके हैं। सूरत से बीजेपी का प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है तो इंदौर से कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव मैदान छोड़ भागा है। चुनावी माहौल की सनसनी बने केजरीवाल की पार्टी महज 22 सीटों पर मैदान में है। बीजेपी को सिमटाने वाले दल भी दस, बीस, तीस, चालीस या पचास सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। अव्वल तो यह है कि विपक्षी दलों के नेताओं ने जिस तरह चुनाव अभियान चलाया है, उसके संकेत साफ हैं। वे बीजेपी को हराने नहीं, बल्कि मोदी को कमजोर करने और बीजेपी की सीटें घटाने को लेकर लड़ रहे थे। यह सच है कि उन्होंने बीजेपी की बढ़त को कम से कम चुनावी चर्चाओं में सीमित करने और इंडिया गठबंधन की चमकती-सी तसवीर बनाने की कोशिश जरूर की है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि चुनावी जमीन की क्या यही हकीकत है? सोशल मीडिया के वर्चस्व के दौर में चुनाव और राजनीति ऐसे विषय हो गए हैं, जिनमें



कोलाहली चर्चाओं को ही सच मान लिया जाता है। कुछ ऐसा ही हाल मौजूदा चुनाव और विपक्षी दलों के दावों का भी है। सोशल मीडिया के मंचों पर ज्यादा वक्त गुजारने वाले लोगों की नजर में विपक्षी दलों के इन दावों में दम भी नजर आता है, लेकिन इन दावों की पड़ताल भी जरूरी है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उत्तर भारत और पश्चिम भारत में बीजेपी का कांग्रेस से सीधा मुकाबला हुआ है। पिछले आम चुनाव के आमने-सामने के मुकाबले में बीजेपी ने 92 प्रतिशत सीटों पर कांग्रेस को मात दी है। राहुल गांधी के दावों में दम तब नजर आएगा, जब यह मान लिया जाए कि कांग्रेस की स्थिति में पिछली बार की तुलना बदलाव आ गया है? सवाल है कि यूपी, बिहार और झारखंड जैसे बड़े राज्यों, जहां से 134 सीटें आती हैं, वहां बीजेपी के मुकाबले कितनी सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है?

अखिलेश यादव खुद 63 सीटों पर लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ आकर बीजेपी को कितनी चोट पहुंचाने की स्थिति मे है? मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना, गोवा और गुजरात की 149 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबला है। सवाल यह है कि इन सीटों पर क्या कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले भारी पड़ रही है? अगर इस सवाल का जवाब हां में है तो तय है कि बीजेपी को लेकर किए जा रहे दावों में दम है। कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी ने 115 ज्यादा यानी 437 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। पश्चिम बंगाल में बीजेपी का मुकाबला जहां तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला कर रही है। वहीं उड़ीसा में वह बीजू जनता दल के सामने है। पूर्वोत्तर भारत के राज्य असम में भी बीजेपी का कांग्रेस से ही मुकाबला है, वहां भी बीजेपी की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। वैसे पिछले दो चुनावों में आमने-सामने के मुकाबलों में बीजेपी ने कांग्रेस को मात ही दी है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कांग्रेस को लेकर लोगों का मन एकदम बदल चुका है। संसद सत्र के आखिरी दिन अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। तीन चरणों के चुनाव तक उन्होंने चार सौ पार का नारा खूब दोहराया। इस नारे के जरिए उन्होंने मौजूदा चुनाव का एक नैरेटिव सेट कर दिया। मोटे तौर पर देश के मतदाताओं में इन दिनों सबसे ज्यादा सवाल यह पूछा जा रहा है कि बीजेपी का चार सौ पार के नारे का क्या होगा? कहना न होगा कि विपक्ष मोदी के बनाए इस चक्रव्यूह में फंस गया। कांग्रेस के पास अभी 52 सांसद हैं। तो क्या कांग्रेस यह मान रही है कि उसकी सीटें दोगुनी से ज्यादा बढ़ने जा रही हैं। अगर ऐसा हो भी रहा, तो कांग्रेस कहां जीत रही है। उसके ज्यादातर उम्मीदवार तो उसी बीजेपी के सामने मैदान में हैं, जो उस पर अब भी भारी नजर आ रही है। केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्य जरूर ऐसे हैं, जहां वह बीजेपी की बजाय उन दलों से मुकाबले में है, जिनके साथ राष्ट्रीय स्तर पर उनका गठबंधन है। ऐसे में सवाल यह है कि कांग्रेस अगर 125 सीटें लाने जा रही है तो निश्चित तौर पर इसमें ज्यादातर भागीदारी उन क्षेत्रों की होगी, जहां वह अपने राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ मैदान में हैं। इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस की इतनी सीटें अपने सहयोगियों की कीमत पर आएंगी। अगर ऐसा हुआ तो समर्थक दल सरकार बनाने के जादुई आंकड़े जितनी जरूरी सीटें हासिल कर पाएंगे?

मतदाता का फैसला ईवीएम में बंद हो चुका है। चार जून को असल तसवीर सामने आ जाएगी। तब तक दावे करने में हर्ज ही क्या है? किसके दावे में दम है और किसका दावा खोखला है, उसका खुलासा तो चुनाव नतीजे कर ही देंगे। फिर हम मीडिया के वर्चस्ववादी दौर में हैं, जिसे चर्चा के लिए रोजाना मसले चाहिए ही। आम जनता भी सहज रूप से अपने सामूहिक फैसले को जानने को उत्सुक है, जिसकी जिज्ञासा को शांत करने के लिए भी ये दावे जरूरी हैं।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला



# बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जीवन दर्शन

बुद्ध एक नाम नहीं है, बुद्ध का अर्थ है जागृत और अनंत ज्ञानी व्यक्ति। ध्यानस्थ और आत्मस्थ होकर स्वयं के प्रयासों से प्राप्त ज्ञान। बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परंपरा से निकला धर्म और दर्शन है। यह दर्शन श्रम द्वारा मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को मानता है, और इसके लिए जीवन में ईश्वर की नहीं, श्रम की आवश्यकता की पक्षधर है। वहीं, वैदिक ब्रम्ह को ही मोक्ष का आधार मानता है। 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा 8 अप्रैल को नेपाल के लुम्बिनी में इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोदन की पत्नी कोल वंशीय महामाया ने अपने कोख से एक दैदीप्यमान नक्षत्र को जन्म दिया और सात दिन बाद ही दुधमुंहे नवजात शिशु सिद्धार्थ को अपनी बहन गौतमी के गोद में छोड़कर परलोक सिधार गई। माता द्वारा दिया नाम सिद्धार्थ और धात्री गौतमी के कारण ही वे राजकुमार सिद्धार्थ गौतम कहलाए। सिद्धार्थ अत्यंत ज्ञानवान, पराक्रमी और सभी विद्या में निष्णात थे, लेकिन बाल्यकाल से ही इनका मन करूणा और दया से आप्लावित रहता था। यशोधरा से विवाह और पुत्र राहुल के जन्म होने तक राजकुमार सिद्धार्थ के जीवन में कई घटनाएं उनके मानस पटल को झकझोरते रहें, जिसमें वृद्ध विकलांग, दुखी रोगी, पार्थिव देह, मृतक परिजनों का क्रंदन एवं विलाप आदि देखकर सिद्धार्थ व्यथित एवं द्रवित हो जाते थे। एक दिन उन्हें संसार की सभी भावनाओं और कामनाओं से मुक्त प्रसन्नचित्त, निश्छल और निश्चिंत सन्यासी दिखें। फिर तो उन्हें उनका परिवार, पत्नी, पुत्र, कपिलवस्तु राज्य का वैभव, भोग विलासिता के संसाधन कोई नहीं रोक सका, वे सब कुछ त्याग कर जीवन में दुःख के कारण और दिव्य सत्य की खोज में निकल गये। यही महाभिनिष्क्रमण कहलाता है। दुःख, जरा, मरण, हिंसा, सिद्धार्थ के मन को व्याकुल करता था। व्याकुल मन शनैः शनैः निर्भयत्व और शांतिपूर्ण समाश्रय के लिए चिंतन-मनन में रम गया। भूखे-प्यासे रहकर कई वर्षों की कठिन साधना के बाद भी उनके प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला, तब उन्हें 'अतिसर्वत्रवर्जयेत' का भान हुआ, फिर उन्होंने अपनी साधना में अत्यधिक दुरूहता के स्थान पर मध्यममार्ग को अपनाया। 35 वर्ष की आयु में उन्हें बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर के एक पीपल वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ एवं आत्यस्थ समाधि की अवस्था में ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी पीपल वृक्ष को 'महाबोधिवृक्ष' कहते है। इस पवित्र महाबोधि वृक्ष को देखने प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। देहरादून के वन अनुसंधान के वैज्ञानिक महाबोधिवृक्ष का नियमित जांच करते हैं। अभी तक महाबोधि वृक्ष पूर्णतः स्वस्थ है। इसके लिए इस पर समय-समय में रासायनिक दवा का छिड़काव तथा लेप लगाया जाता है। जन्म, जरा, दुःख, रोग और मृत्यु से जुड़े प्रश्नों के उत्तर उन्हें दया, करूणा, मैत्री एवं अहिंसा में मिला। प्राणिमात्र के सर्वबाधा एवं दुःख का कारण और निवारण का मार्ग खोजते-खोजते उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति हुई और सिद्धार्थ गौतम 'गौतम बुद्ध' हो गए। कहा जाता है कि सात सप्ताहों तक उन्होंने मुक्ति की स्वच्छन्दता और शांति का आनंद लिया। जन्म-मृत्यु-दुःख के चक्र से निकलने के लिये मोक्ष के मार्ग को बताने के लिये उन्होंने अपने मित्रों को अपना पहला धर्मोपदेष सारनाथ में दिया, जो वाराणसी के पास है, यहीं से बौद्ध धर्म का प्रसार प्रारंभ हुआ।



भगवान बुद्ध के महत्वपूर्ण उपदेश -ऐसे तो भगवान बुद्ध का संपूर्ण जीवन ही उपदेश है, किन्तु कुछ प्रमुख आख्यान जो उनके उपदेशों के अंश हैं, वे हैंः- 1. मनुष्य को भूतकाल में उलझनें एवं भविष्य के सपने बुनने के स्थान पर अपने वर्तमान पर ही केन्द्रित होना चाहिए। भूत-भविष्य के फेर से निकलकर वर्तमान की राह ही खुशियों का मार्ग हैं। 2. मनुष्य के क्रोध से किसी और का नहीं वरन स्वयं मनुष्य का ही नुकसान होता है। 3.संदेह या शक एक बीमारी है, जे लोगों के आपसी रिश्तों पर विपरीत प्रभाव डालता है। 4. जीवन में कितने भी युद्धों में विजय प्राप्त कर लें लेकिन जब तक स्वयं पर विजय प्राप्त नहीं कर लेता तब तक सभी जीत व्यर्थ है। 5. बुराई को बुराई से कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, इसलिये बुराई को समाप्त करने के लिये प्रेम का सहारा लेना चाहिये। 6. अपनी खुशियों को दूसरों के साथ बांटने से वह बढ़ती है, जिस प्रकार एक जलता हुआ दीपक हजार दीपक जलाकर प्रकाश फैला सकता है, लेकिन उस पहले दीपक के प्रकाश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। 7. सत्य के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति से केवल दो ही गलती हो सकती है। पहला वह पूरा रास्ता तय नहीं करता, दूसरा वह शुरुआत ही नहीं करता। 8. लक्ष्य को प्राप्त करने से भी अच्छा है उसे पाने के लिए की गई यात्रा अच्छी हो। 9. सूर्य, चन्द्रमा, और सत्य को कभी नहीं छुपाया जा सकता। अपने इन उपदेशों से भगवान बुद्ध एवं उनके अनुयायी और भिक्षुओं ने समाज की विपदाताओं, नैतिक अवमूल्यन, अनाचार, अधर्म, अतिवादको दूर कर एक संतुलित समाज की स्थापना का कार्य किया।समाज को मध्यम मार्ग अपनाने के लिए कहाँ, दुःख के कारण बताएं और दुःख निवारणार्थ आश्टांगिक मार्ग बताया। तरह-तरह के देवता, पूजा-पाठ, यज्ञ, पषुबली की निंदा की और अहिंसा पर जोर दिया। धीरे-धीरे बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार देश-विदेश तक फैल गया। भारत, चीन, नेपाल, जापान, मंगोलिया, श्रीलंका, अफगानिस्तान सहित पूरे एषिया में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ। इनके अनुयायियों की संख्या विश्व में चौथे स्थान पर है। कालांतर में भारत में बौद्ध धर्मावलंबियों की संख्या कम हो गई लेकिन 14 अक्टूबर 1956 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने तत्समय हिन्दू धर्म में व्याप्त छुआछुत से तंग आकर अपनें लगभग 10 लाख से अधिक अनुयायियों के साथ समानता पर आधारित धर्म को अपनाकर, बौद्ध धर्म को पुनः उसकी जन्मभूमि पर पुनस्थापित एवं पुनर्जीवित कर दिया।

*-लेखक-शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में पंचकर्म विशेषज्ञ हैं।*

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सूखे से बचना है तो पेड़ बचाओ, पौधे लगाओ

जिंबाब्वे इस समय सूखे की समस्या से जूझ रहा है। इस कारण वहां कृषि भी बहुत प्रभावित हुई है और आर्थिक व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिम्बाब्वे की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र ने दूसरे देशों से हाथ बढ़ाने की गुजारिश की है। सूखा पड़ने का एक कारण जो सबसे बड़ा माना जाता है, वो है प्रकृति से छेड़छाड़ और वनों तथा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई। अगर दुनियाभर में वृक्षों की निरंतर कटाई होती रही, तो वो दिन दूर नहीं है जब जिंबाब्वे जैसे हालात दुनियाभर में हो जाएंगे, क्योंकि वृक्षों की कमी से बारिश कम होगी और अगर बारिश कम होगी तो सूखा पड़ेगा। हमारे देश में भी वृक्षों की कटाई हो रही है और प्रकृति के विरुद्ध काम हो रहे हैं, जो कि सूखे का कारण भी बन सकते हैं।

*– निरंजन विश्वकर्मा, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर


### भारतीय मूल के खगोलविद कुलकर्णी होंगे सम्मानित



अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर .कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा–किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं। कुलकर्णी के अलावा स्वी ले थीन और स्टुअर्ट ऑर्किन को क्रमश: जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए साझा रूप से शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अमेरिका के हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर सरनाक को गणितीय विज्ञान के लिए शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शॉ प्राइज फाउंडेशन ने बताया, ''हर साल तीन श्रेणियों खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान व चिकित्सा और गणितीय विज्ञान में शॉ पुरस्कार दिया जाता है।प्रत्येक श्रेणी में विजेता को 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि बतौर पुरस्कार दी जाती है। यह 21वां साल होगा जब शॉ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## ऑफ बीट

### बुरे सपने ऑटोइम्यून बीमारी आने के हो सकते हैं संकेत



बुरे ख्याब अप्रिय होते हैं, लेकिन अधिकांश लोगों के लिए बिल्कुल सामान्य होते हैं। हालाँकि, मैंने और मेरे सहकर्मियों ने हाल ही में पाया है कि यह बुरे सपने ल्यूपस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों के आने का संकेत भी हो सकते हैं। द लैंसेट के ईक्लिनिकलमेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हमारे अध्ययन ने ऑटोइम्यून बीमारी के विकसित होने के संभावित शुरुआती चेतावनी संकेतों का पता लगाया। हमने ल्यूपस के 676 रोगियों और 400 डॉक्टरों का सर्वेक्षण किया और 100 से अधिक गहन साक्षात्कार किए। हमने मरीजों से अनुभव होने वाले न्यूरोलॉजिकल और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों के बारे में पूछा, और उनकी बीमारी पहली बार कब शुरू हुई, इसके संबंध में उन्हें कब आभास हुआ। इसमें खराब मूड, मतिभ्रम, कंपकंपी और थकान जैसे लक्षण शामिल थे। हमने यह भी पूछा कि क्या मरीजों के लिए लक्षणों का एक सामान्य पैटर्न था या वह बढ़ते रहने वाले थे। कई मरीज़ उन लक्षणों का वर्णन कर सकते हैं जो उनके गंभीर होने से ठीक पहले हुए थे। हालाँकि अलग–अलग लोगों के बीच पैटर्न अलग–अलग होते हैं, वे अक्सर प्रत्येक व्यक्ति के लक्षण गंभीर होने पर समान होते हैं। मरीजों को अक्सर पता होता था कि कौन से लक्षण इस बात का संकेत हैं कि उनकी बीमारी बदतर होने वाली है।

## ट्रेंड

### गाजा में स्थिति भयावह



गाजा में स्थिति भयावह बनी हुई है। अब पहले से कहीं अधिक जरूरत युद्धविराम और पट्टी में सहायता पहुंचाने की है। उत्तरी गाजा में कमल अदवान अस्पताल पर आज कथित तौर पर चार बार हमला किया गया, जिससे गहन देखभाल इकाई, रिसेप्शन, प्रशासन और छत क्षतिग्रस्त हो गई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### स्वयं को खोना होगा



अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, आपको स्वयं को खोना होगा। समस्या जीवन से नहीं है. समस्या यह है कि आपने अपने दिमाग पर नियंत्रण नहीं रखा है

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### विश्व धरोहर घोषित किया था



कल इनके प्रवक्ता ने कहा प्रभु जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। आज अमित शाह कह रहे हैं कोणार्क का सूर्य मंदिर मोदी के कारण फेमस हुआ। 1984 में ही कोणार्क मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया गया था।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### 15 सीटों का नुकसान



चुनाव के पांचवें चरण में कई वीआईपी सीटें भी थीं। इस राउंड में 49 सीटें हैं जिनमें इस बार बीजेपी को लगभग 15 सीटों का नुकसान होने का अनुमान है।

-योगेंद्र यादव, राजनीतिक विश्लेषक

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
VELOCITY EDITION
TURBO BOOSTERJET
FRONX
INDIA'S FASTEST 1 LAKH SALES
FRONX
*Claim verified by independent research agency - JATO Dynamics Limited for Fastest to 1Lakh sales in SUV and PV categories since launch on 19-January-2024.
1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid
Front Grille Garnish Opulent Red
Head Lamp Garnish
Rear Upper Spoiler Extender Black + Red
NEXA Safety Shield
DUAL FRONT AIRBAGS
ABS WITH EBD
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
BENEFITS UP TO ₹25 000^
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620001, 6262000768), NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774, 9111107268), NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160, 9111107011). BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824, 9098122136). DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302). JAGDALPUR: NEXA ECNA (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
Multiple financiers
Digital Document Upload
Live Loan status
Complete transparency (associated fees & charges)
^Benefits up to ₹25 000 + Velocity Kit worth ₹43 000. Given offers include Exchange bonus and Corporate or Rural offers as applicable on selected variants. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. All offers are applicable till 31st May 2024. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

## जैकेट के शेष

### संस्कृत स्कूल की .....

में मनीषा गर्ग को दीपांशु संस्कृत विद्यालय की नियमित विद्यार्थी और औरदा की स्थानीय निवासी बताया गया है। परीक्षा पत्र में उत्तीर्ण छात्रा मनीषा का अनुक्रमांक 24102722 भी दर्ज है। ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि दीपांशु संस्कृत विद्यालय में दूर दूर से बच्चे परीक्षा देने आते हैं और परीक्षार्थी के बदले दूसरे लोगों के द्वारा भी पेपर लिखने की बात चर्चा में रही है। वहीं जब इस मामले में हरिभूमि आईएनएच की टीम ने खरसिया के विखं शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र इनसेना से दीपांशु संस्कृत विद्यालय में हुई अब तक की गड़बड़ियों पर शिक्षा विभाग का रुख जानने का प्रयास किया तो बीईओ कन्नी काटते नजर आए। हर सवाल के जवाब में बीईओ के आदेश पर जांच शुरू करने की बात दोहराते हुए बीईओ जल्दबाजी में उठे और चेंबर से बाहर निकल गए। बीईओ ने इतना जरूर बताया कि उनके द्वारा विखं के किसी भी निजी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बगैर कभी कोई जांच अथवा निरीक्षण नहीं किया जाता। बड़ा सवाल यह है कि मोहरमति के बाद आखिर मनीषा गर्ग यदि औरदा की रहने वाली है तो दोनों छात्राओं के विषय में गांव वालों को जानकारी क्यों नहीं है ? साथ ही मोहरमति के बाद मनीषा गर्ग यदि गांव में नहीं तो कहां है।

### अधिकारियों के बच्चे ....

किया जा रहा है। बहरहाल ग्रामीणों के इस कथन में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकेगा, किंतु इस कथन ने संस्कृत मंडलम की परीक्षाओं में चल रहे फर्जीवाड़े को जांच के एक अलग एंगल की तरफ जरूर मोड़ दिया है।

### गरियाबंद भेजी गई ....

अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बुधवार को ही राकेश पांडेय ने पदभार ग्रहण कर लिया। इधर शासन ने नई जांच कमेटी गठित की है। इस कमेटी को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देने कहा गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस जांच कमेटी में माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल तथा बिलासपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य के नाम शामिल हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 मई को इस जांच कमेटी का गठन किया गया है। उक्त तिथि के 7 दिनों के भीतर कमेटी को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

### विभागीय प्रक्रिया ....

के अनुसार कार्य करेंगे। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, औरदा के दीपांशु स्कूल के प्राचार्य दिनेश खुंटे को विभागीय जांच के लिए बुधवार को रायपुर तलब किया गया।

### नक्सल पुनर्वास नीति .....

इस नीति में और क्या बेहतर हो सकता है। इसे अच्छा बनाने नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। राज्य सरकार ने संशोधित पुनर्वास नीति लागू करने अब माओवादियों से पुनर्वास के लिए सुझाव मांगे हैं। इन सुझावों का अध्ययन करने के बाद राज्य सरकार नक्सलियों के लिए नई पुनर्वास नीति तैयार करेगी। सुझाव देने वाले का नाम पता और मोबाइल नंबर की जानकारी भी सुझाव के साथ देना होगा।

**सहायता करने पर भर्ती** : अभी नक्सल पीड़ित या आत्मसमर्पित नक्सली जिसके द्वारा नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया जाता है और जिसे इस कारण स्वयं की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया हो, ऐसे प्रकरणों में पुलिस महानिरीक्षक रेंज उसे पुलिस विभाग में निम्नतम पदों पर भर्ती करते हैं।

**वर्तमान पुनर्वास नीति में यह प्रावधान** : मौजूदा पुनर्वास नीति के प्रावधान के अंतर्गत आत्मसमर्पितों को किराए का मकान दिया जाता है। पुनर्वास की राशि, उनके रोजगार, बच्चों की शिक्षा समेत अन्य सुविधाएं मिलती हैं। वर्तमान नीति में नक्सल व्यक्तियों या परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का प्रावधान है। पुनर्व्यस्थापन में कठिनाई होने पर राज्य स्तर पर अपर मुख्य या प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में समिति गठित है। पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों के अनेक प्रकार के लाभ और सुविधाएं दी जाती हैं।

### प्रोत्साहन राशि व .....

चलन की समीक्षा के बाद यह राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। यदि समर्पित नक्सली द्वारा तीन वर्ष के भीतर कृषि भूमि क्रय की जाती है, तब दो एकड़ तक भूमि पर स्टांप ड्यूटी व पंजीयन शुल्क में पूर्ण छूट देने का प्रावधान है।

### मोदी भाजपा के सुपर .....

**कुछ राज्यों में बीजेपी चरम पर है** : इसके अंदर ही सारी बातें हैं कि कौन उपयुक्त आज की डेट में, जनता के नजरिए से, ये हम जानने की कोशिश करते हैं, हर एक राज्य की अपना एक राजनीतिक परिदृश्य होता है और एक राजनीतिक समीकरण होते हैं, उसके आधार पर लोग अपना निर्णय लेते हैं। जैसा हम जानते हैं कि भारत देश काफी बड़ा है। हमने इसको तीन हिस्से में बांटने की कोशिश की। खासकर 2019 के परिणाम की दृष्टि से। एक ग्रुप ऐसे राज्यों का है जिसमें बीजेपी को करीब 257 सीटें मिली थी। इनमें से 94 परसेंट, इनमें से केवल 19 सीटें विपक्षी पार्टियों ने जीतीं थी। तो करीब 238 सीटें 257 में से बीजेपी या एनडीए को मिली थी। ये वो राज्य हैं जहां भाजपा चरम पर हैं जैसे गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड़, हिमाचल प्रदेश,मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, इसमें करीब 100 परसेंट या 99 परसेंट सीटें बीजेपी ने जीती थी।

**दूसरी श्रेणी में बीजेपी 60 फीसदी सीटों पर** : दूसरी श्रेणी राज्यों की वो है जिसने बीजेपी को करीब 60 प्रतिशत सीटें दी। ये सीटें करीब 195 हैं। ये मुख्य राज्य हैं, उत्तर प्रदेश, बंगाल, ओडिशा। उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं, 64 सीटे एनडीए को मिली थी। बंगाल में 42 सीटें है, 18 सीटें बीजेपी को मिली थी। ओडिशा में 21 में 8 सीटें। कहने का मतलब यहां पर कुछ एलबो रूम बचता है विपक्षियों के लिए भी और बीजेपी के लिए भी अपने प्रदर्शन को कुछ अच्छा करें।

**तीसरी श्रेणी में विपक्ष के पास 95 फीसदी सीटें** : तीसरा जो ग्रुप है जहां वो राज्य हैं जहां बीजेपी या एनडीए नहीं विपक्षियों को अधिक सीटें मिली 95 परसेंट। ये वो राज्य हैं केरल, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश और पंजाब। इन 105 सीटों पर बीजेपी की दो और उस समय के सहयोगी एआईडीएमके की एक और अकाली दल की दो। इस तरह पांच सीटें आईं थी। यहां पर बीजेपी के हिसाब से काफी स्कोप हैं इम्पूवाईजेशन का। अपोजिशन को इन सीटों को बरकरार रखना है।इंडिया को 2019 के परिणाम के हिसाब से डिवाईड करना। अलग-अलग पार्टियां अपने-अपने हिसाब से कोशिश करेंगी। आज पांच फेज के चुनाव हो चुके हैं। 427 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। एक सीट सूरत वैसे ही डिक्लेयर हो चुकी है। तो कहने का मतलब जो 115 सीटें रह गईं हैं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि जो पहले दो चरण थे। अब हम 2024 की बात कर लें। उसमें ये दो बड़े राज्य थे, तमिलनाडू, केरला और नार्थ इर्स्टन स्टेट। जिसके अंदर करीब 80 सीटें ऐसी हैं जिसमें बीजेपी का परफारमेंस उतना अच्छा नहीं था। वहा इमप्रूवाईजेश की जरुरत है। अब बात करते हैं आगे के जो दो फेज बचे हैं उसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश में इर्स्टन यूपी और बंगाल ओडिशा और झारखंड़। अब ये जो सीटें हैं इनमें बीजेपी को काफी कुछ इम्पुवाइजेशन की जरुरत है और गुंजाईश है। ये वो राज्य है जहां उनका परफारमेंस पिछले बार अच्छा था। दिल्ली,हरियाणा, पंजाब ऐसा है जिसमें दो सीटें थी।

▶▶ मैं आपसे एक बात समझना चाहता हूं 2014 और 2024 के संदर्भ में। इस बार भारतीय जनता पार्टी में पार्टी से कहीं अधिक फोकस नरेंद्र मोदी के नाम पर है। मोदी की गारंटी पर बात हो रही है। भारतीय जनता पार्टी की फिर से सरकार, मोदी सरकार की बात हो रही है। साफ तौर पर दिख रहा है कि पार्टी को संगठन से ज्यादा भरोसा व्यक्ति पर हो रहा है। इस बदलाव पर आपकी भी दृष्टि है, और अगर ये बदलाव है तो आप इसे किस तरह देख पा रहे हैं।

▶▶ ▶▶ 2014 में ये तो अपोजिशन में थे, 2014 का कंपेरिजन 2024 में नहीं है। उस समय अलग परिदृश्य था अभी अलग है। 2019 में जरुर सेम था। जब कोई प्रोडक्ट लगातार डिलेवरी करता है, सक्सेजफुली डिलेवरी करता रहे, इसे मैं इस तरह बताता हूं कि आईपीएल में जो व्यक्ति लगातार डिलेवरी करता रहे जैसे कि धोनी। 2008 में जब आईपीएल शुरु हुआ तब से वे हैं। बाकी सब बदले गए। लेकिन कहने का मतलब ये है कि जो व्यक्ति लगातार डिलेवरी देता रहे चुनाव जीतता रहे। 2014 में उन्होंने जो दिया 2019 में प्रूव हो गया। जो चुनाव होते हैं। अगर कोई सरकार रिपीट हो रही है तो केवल इस बात पर निर्भर होता है कि सरकार का परफॉरमेंस कैसा था। उसके आधार पर जनता वोट देती है। और जब विपक्ष में होते हैं और सरकार में आते हैं तो उस समय की सरकार का परफारमेंस खराब रहा होगा। इसलिए आपको मौका मिला। 2019 की बात करें तो इसमें आप रिपीट हुए और पहले से ज्यादा वोटों से। इसका मतलब ये है कि जो व्यक्ति सर्वेसर्वा है उसे सारी की सारी जनता मानती है। उसके फेवर में जनता खड़ी हुई है। इसलिए यह बीजेपी के लिए सुपर ट्रंप कार्ड हो गया। संगठन तो है ही। एक है ब्रांड और दूसरी ब्रांड इक्विटी। जब संगठन न हो जैसे केरला और तमिलनाडू में संगठन है ही नहीं है बीजेपी का। उसे अब डेवलप करने की कोशिश कर रहे हैं। इतना बड़ा देश है और राज्य। 10 से 15 साल लगता डेवलप करने के लिए। । जैसे ग्रेज्युएशन करने के लिए लिए 12 और तीन साल लगते हैं वैसे ही देश में स्टेबलिश होने के लिए समय लगता है। कार्यकर्ता लोगों को वोट डालने के लिए तैयार करते हैं और पोलिंग बूथ तक ले जाते हैं। जब तक वोट न करे तब हो तो आपकी ब्रांड इक्विटी काम नहीं करती है। तो उसके लिए संगठन चाहिए। आज भी संगठन का इस्तेमाल बीजेपी जैसा कोई पार्टी नहीं कर पाती है। न ही कर सकेगी। उसकी कल्पना। संगठन ऐसी चीज है जो छिपा रहता है।

▶▶ 2014- 19 में जो मुद्दे थे, 2024 में जो मुद्दे हैं,। 2014 में भी दस साल की यूपीए सरकार दांव पर थी। उसके कामकाज के आधार पर बात हो रही थी। क्या 2024 में क्या महसूस कर रहे है कि इनके दस साल के कामकाज पर बात हो रही थी। या आप महसूस कर रहे हैं कि कामकाज कोई मुद्दा नहीं है। मुद्दे कुछ और ही हो गए हैं। हो गए हैं तो क्यों हो गए हैं।

▶▶ ▶▶ कामकाज की कोई बात कोई भी नेता चाहे वो पक्ष के हों या विपक्ष के, बीजेपी की बात कर ले। आज 40 से 45 डिग्री की गर्मी में भाषण होता है स्पीच होता है रैली होती। नेताओं को एक्रास द सेक्शन यानी हर जाति वर्ग समुदाय उम्र जेंडर, सब को उनको टच करना है। इतने सारे कम्युनिटी, इतने सारे विषय है डेमोग्राफी और ज्योग्राफी कहते हैं, उन सब के महत्व की बात करनी है, ये क्लीयर है। सबका वोट चाहिए। टीवी का ऐसा है जब तक कोई सनसनी न हो, ऐसा विषय न हो जिसे सब देखना और सुनना न चाहें, तब तक टीवी पर उसे बखान नहीं किया जाता तो, मेरा बोलने का मतलब ये है कि उन 40 मिनट की स्पीच में 35 मिनट तक केवल डिलेवरी की बात हो रही है। वो तमाम तरह की योजनाए गिना रहे हैं। बीजेपी वालों की अगर बात करुं तो पांच मिनट में ऐसा भी होता है कि डिलेवरी के अलाव जो इमोशनल मुद्दे हैं, राष्ट्रीय मुद्दे हैं उनकी भी चर्चा करते हैं।

▶▶ आपने 2014 और 2019 का भाषण भी देखा है मोदी जी का। अभी 2024 का भी देख रहे हैं। कुछ बदलाव है, कमिटमेंट के संदर्भ में एचिवमेंट के संदर्भ में, अगर बदलाव है तो आप क्या बदलाव देख पा रहे हैं।

▶▶ ▶▶ पहले बदलाव था कि आपने 60 साल कांग्रेस को दिए 60 महीने मुझे दे दीजिए और देखिए मैंने गुजरात में जो परिवर्तन किया है सकारात्मक, वो मैं आपके, देश के संदर्भ में करना चाहता हूं। ये एक बेसिक थीम थी इसके ईर्द-गिर्द सारा हुआ। और उस समय इनकमबेंट गर्वमेंट मनमोहन सिंह जी की थी। ये तो प्रॉमिस वाली बात थी उन्होंने प्रॉमिस किया कि आप मुझे 60 महीने दीजिए, आपने कांग्रेस को 60 साल दिए। ये प्लॉट के उपर वो गए। सौ वोट जो मशीन में पड़ते हैं वो सौ वोट में से 80 परसेंट का जीवन गर्वमेंट ऑफ द डे पर निर्भर करते है। डायरेक्ट या इन डायरेक्ट। उसका सिंपल सा कारण है कि 70 परसेंट रुरल है और 30 परसेंट अर्बन है। अर्बन का मतलब आठ मेट्रो या अरबन सिटी या 100 मेजर सिटी नहीं है। 6 हजार 500 जहां अर्बन नगर पालिकाएं हैं और नगर निगम हैं, वो क्लासीफाय होते हैं। अर्बन के शहरी क्षेत्र में। वो कांट्रिब्यूट करते हैं 30 परसेंट जनता को। 80 परसेंट लोगों का जीवन उस सरकार पर निर्भर करता है। 50 करोड़ के नए बैंक अकांउट खुले। 2014 से 2019 के दौरान। इंदिरा आवास योजना पहले से थी इंदिरा गांधी के जमाने से। उसमें जो स्पीड और स्केल आई है उसका कोई मुकाबला नहीं है।

**बेरोजगारी और महंगाई हमेशा रहेंगी** : वो ठीक है कि आप लोग कहते हैं कि बालाकोट हो गया। मैं बिल्कुल मानने को तैयार नहीं हूं। बालाकोट न भी होता तो परिणाम 325 सीटों के आसपास सीटें आती। 10-15 सीटें आप कम कर सकते हैं। बालाकोट का कोई लेना देना नहीं है। वोट शेयर और जीत के नंबर में अंतर हो सकता है। 2024 के चुनाव में भी वो बोल रहे हैं कि विकसित भारत की बात करी है। वहीं से शुरुआत करी है कि मेरे पास 2047 तक का प्लान है। अभी तक मैंने आपको बेसिक सुख सुविधा देने की कोशिश की है। आपके जीवन में हमेश दो बातें रहेंगी, एक बेरोजगारी, दूसरी महंगाई। ये जो दो मुद्दे हैं जो 50 साल पहले भी थे और 50 साल बाद भी रहेंगे। हां इसमें अंतर कम ज्यादा हो सकता है। ये तो गई मुद्दों की बातें। विकसित भारत का मतलब क्या है, इसे वे अलग अलग रैली में समझा रहे हैं कि सब लोगों के जीवन में संपन्नता आ जाए। उसी को तो डेवलप कंट्री कहते हैं।

## ईरानी राष्ट्रपति को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब...



ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग जुटे। तेहरान में दिवंगत नेताओं के ताबूतों का जुलूस निकाला गया। लोग अपने प्रिय नेता की आखिरी झलक पाने के लिए आतुर दिखे। बता दें, रविवार को ईरान के उत्तर-पश्चिम के एक पहाड़ी क्षेत्र में हादसा हुआ था, जिसमें इन नेताओं की मौत हुई। समारोह शुरू हो गया है। इसमें बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए हैं। ईरानी राष्ट्रपति को 23 मई को सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। दुनियाभर के नेता इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। भारत से उपराष्ट्रपति जगदीप धनगड़ शिरकत करेंगे।

## दिल्ली के इतिहास में पहली बार टूटे बिजली की मांग के सारे रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**8000 मेगावाट तक पहुंची डिमांड**

भीषण गर्मी और चढ़ते पारे के साथ दिल्ली में बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ती जा रही है। दिल्ली के इतिहास में पहली बार बिजली की मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई है। इसी के साथ एक दिन पहले ही बना सबसे अधिक बिजली की मांग का रिकॉर्ड भी टूट गया है। अगर आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली तो यह आंकड़ा और ऊपर जा सकता है। एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली में बिजली की मांग बढ़कर 7717 मेगावाट तक पहुंच गई थी जो अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। इस आंकड़े ने 29 जून 2022 को बने 7695 मेगावाट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया था लेकिन अब यह मांग बढ़कर 8000 मेगावाट तक पहुंच गई है।

भीषण गर्मी और मौसम को देखते हुए आने वाले समय में बिजली की मांग और अधिक बढ़ सकती है। गौर करने वाली बात है कि मई 2024 में हर दिन दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग मई 2023 की तुलना में ज्यादा है। पिछले साल मई के पहले 20 दिनों में, दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग 5781 मेगावाट थी। मई 2023 में उच्चतम बिजली की मांग 23 मई को 6916 मेगावाट दर्ज की गई थी।

## बांग्लादेशियों पर ही हत्या का आरोप

## कोलकाता से लापता बांग्लादेशी सांसद का शव बरामद



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की मौत की पुष्टि हो गई है। बांग्लादेश के गृहमंत्री ने उनकी मौत की पुष्टि की है। वह अपना इलाज कराने भारत आए थे और बीते कुछ दिनों से उनका पता नहीं चल सका था। उनकी तलाश के लिए इससे पहले सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने बताया कि कोलकाता पुलिस ने अनवारुल की मौत की पुष्टि है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन बार के सांसद अनवारुल एक फ्लैट में मृत पाए गए। जहां वो किसी से मिलने गए थे। बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने ढाका के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सांसद की हत्या कोलकाता में की गई। उनकी हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई है।

**14 को भेजा था मैसेज**

अनवारुल ने विधान पार्क में कोलकाता पब्लिक स्कूल के सामने से टैक्सी ली। शाम में उन्होंने गोपाल को व्हाट्सएप मैसेज कर बताया है कि वह दिल्ली जा रहे हैं और वहां पहुंचने पर कॉल करेंगे। बांग्लादेशी सांसद ने 14 मई को बिस्वास को एक मैसेज भेजा। जिसमें उन्होंने बताया कि वो दिल्ली पहुंच गए हैं और यहां एक वीआईपी लोगों के साथ है। इस वजह से उन्हें कॉल करने की जरूरत नहीं है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर**

**श्रावणी मेला, 2024**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (2nd Call)**

ई-पुनर्निविदा प्रसंग संख्या - RCD/DEOGHAR/913/2024-25 (2nd Call)
दिनांक – 22.05.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रिखिया (देवघर-रिखिया दर्दमारा पथ) – मोहनपुर पथ के कि0मी0 0 से 5 तक में सतह नवीकरण एवं अन्य कार्य, पथ की कुल लम्बाई-9.61 कि0मी0। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये **1,88,35,225/-** (एक करोड़ अठ्ठासी लाख पैतीस हजार दो सौ पच्चीस रुपये) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक) माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31.05.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 25.05.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-299919** |
| 8. | ई-प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651-2446007 |

नोट – अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001, vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 (Ansh-I) 1984(S)WE dt 02.05.2024.

कार्यपालक अभियंता,
PR 325038 Deoghar(24-25)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर


## पेज एक के शेष

### अजीब मौसम, दक्षिण में...

अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के बीच राज्य में आला अधिकारियों सहित चिकित्सा व पेयजल विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें मुख्यालय पर ही रहने को कहा गया है। इधर, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। केरल और और तमिलनाडु में भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने केरल के पथानामथिट्टा और इडुक्की में बारिश का अलर्ट जारी किया हैं। वहीं, केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम सहित कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केरल की जनता से सुरक्षा बरतने की अपील की गई है।

### छग में कई इलाकों में...

को सुबह राजधानी के लोगों का उमसभरी गर्मी से बुरा हाल था। शाम होने के बाद हवा की गति तेज हुई और छाए बादल गरजने के साथ जमकर बरस पड़े। शहर में आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई और आधे घंटे हल्की से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश की गतिविधि पूरे रायपुर जिले में, इसके अलावा कबीरधाम में भी तेज हवा के साथ बादल जमकर बरसे। दुर्ग और राजनांदगांव जिले में शाम होने के बाद बारिश का दौर रात तक चलता रहा। शाम मौसम बदलने के बाद मौसम में ठंडकता आ गई है, जिसकी वजह से गुरुवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आने के आसार हैं।

**चौबीस घंटे में कई जिले में बरसे बादल** : मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में बादल कहीं ना कहीं बरसते रहे हैं। नारायणपुर में 29.6 मिमी., रायगढ़ में 27.7, कोरबा में 23.2, धमतरी में 21.2, बालोद में 21 तथा सुकमा में 15.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। अभी एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से बांग्लादेश तक बनी हुई है। प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन जारी है, जिसके प्रभाव से गुरुवार को भी कुछ स्थानों में बारिश होने और अंधड़ चलने के आसार हैं।

**28-29 को चरम पर गर्मी** : मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में राज्य में आने वाली हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम होगी, जिसके बाद गर्म हवा का राज्य में आगमन होगा। इसके बाद गर्मी अपना असर दिखाना शुरू करेगी। माना जा रहा है कि 28-29 मई को राज्य में गर्मी अपने चरम पर होगी और बीते दिनों में दर्ज हुआ अधिकतम तापमान पीछे छूट जाएगा।

### ममता सरकार को...

स्पष्ट किया कि 2010 से पहले ओबीसी के 66 वर्गों को वर्गीकृत करने वाले राज्य सरकार के कार्यकारी आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया गया, क्योंकि इन्हें याचिकाओं में चुनौती नहीं दी गई थी। पीठ ने निर्देश दिया कि पांच मार्च, 2010 से 11 मई, 2012 तक 42 वर्गों को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत करने वाले राज्य के कार्यकारी आदेशों को भी रद्द कर दिया गया।

### राहुल ने मीडिया...

मीडिया संस्थानों से यह पूछता चाहता हूं कि क्या वे राहुल के इस घोर आपत्तिजनक बयान से सहमत हैं?

### कामी ने 30वीं बार ...

के अनुसार 54 वर्षीय पर्वतारोही रीता शेरपा स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 49 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। कामी ने मात्र 10 दिन पहले ही 29वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। 'हिमालयन टाइम्स' अखबार ने ताशी लकपा के हवाले से जानकारी दी, उन्होंने 12 मई को 29वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।**
**( अज्ञात शव कि पहचान )**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 वर्ष, रायडीह थाना अन्तर्गत ग्राम-कांसिर स्थित बरलता जंगल में पाया गया था। जिसके संबंध में रायडीह थाना यू0डी0 काण्ड सं0-06/24, दिनांक-27.02.2024 दर्ज किया गया हैं।

जिसका हुलिया निम्न प्रकार हैं:- 1. उच्चाई-लगभग 05 फीट 05 इंच, 2. रंग-सांवला, 3. बाल-काला, 4. पहनवा-लाल रंग का शर्ट एवं ग्रे रंग का फुलपैंट। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृतक पुरूश के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर – 8789253306
3. थाना प्रभारी, रायडीह – 7004358036

PR 325045 Police(24-25)D — पुलिस अधीक्षक,गुमला


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5519



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5518 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5530

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5529 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

बद्रीनाथ और केदारनाथ में अब ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं

# चारधाम यात्रा ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, हरिद्वार में 60 हजार श्रद्धालुओं को रोका, यात्रा को सुगम बनाने के लिए ली जा सकती है एआई की मदद, बनाया जा सकता है प्राधिकरण



1. यमुनोत्री में घोड़ा-खच्चर व पालकी के लिए धारा 144
2. 30 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण पर लगाई रोक
3. 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु इंतजार में हैं



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भीड़ को देखते हुए सरकार ने 30 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। वहीं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में जून से आगे की तारीख मिल रही है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करने के इंतजार में हरिद्वार में ही इस समय 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु इंतजार में है, जिन्हें पुलिस वापस भेजने की कवायद कर रही है। जिसके चलते कई बार पुलिस के साथ नोंकझोंक और खींचतान हो रही है। इधर चारधाम यात्रा प्रबंधन व संचालन के लिए प्राधिकरण बनाने पर मंथन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में निर्देश दिए थे मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिर्फ चारधाम यात्रा ही नहीं राज्य में होने वाली अन्य यात्राओं के प्रबंधन एवं संचालन की स्थाई व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

### एक घंटे के भीतर दर्शन

यमुनोत्री पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की संख्या 800 तय की गई है। उनके आने-जाने का समय सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक घोड़े-खच्चर के यात्री को यमुनोत्री से लेकर जाने और दर्शन के बाद उसके वापस लौटने की समय सीमा पांच घंटे की तय की गई है। यमुनोत्री धाम पहुंचने पर यात्री को 60 मिनट के भीतर यमुनोत्री के दर्शन कराने का आदेश दिया गया है।

### 21 यात्रियों की मौत

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 10 मई को शुरू हुई थी. इसके बाद तीर्थ यात्रियों को हुजूम उमड़ने लगा। यहां 11 दिनों में 21 यात्रियों की मौत हो चुकी है। बदरीनाथ धाम में अब तक 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर यात्रियों की मौत का कारण डॉक्टरों ने हार्ट अटैक बताया है।

### टूर ऑपरेटरों की लापरवाही

चारधाम की यात्रा की जोश से भरे हुए श्रद्धालुओं को कई दिनों से हरिद्वार से आगे जाने का रास्ता न मिला तो वे निराशा, गुस्से और पीड़ा से भर गए हैं। हजारों लौट गए हैं और हजारों हरिद्वार में ही इंतजार में हैं। इनमें कुछ ऐसे पीड़ित भी है, जिनको टूर ऑपरेटरों की लापरवाही या कहें कि धोखाधड़ी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ऐसे लोगों को न टूर ऑपरेटरों ने पैसे वापस किए और न ही कोई जवाब दे रहे हैं।

### 800 घोड़े-खच्चर और 300 पालकी

यमुनोत्री धाम में सोमवार देर रात से पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार को जिसका कुछ असर यमुनोत्री पैदल मार्ग पर देखने को मिला। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। अब निश्चित समय पर 800 घोड़े-खच्चर और 300 पालकी भेजी जा रही हैं।

### धर्मशालाओं की तलाश

केदारनाथ में मोटर मार्ग गौरीकुंड तक है, लेकिन यात्री वाहन सोनप्रयाग तक ही आ सकते हैं। सोनप्रयाग में अब पहले की अपेक्षा ज्यादा यात्री पहुंच रहे हैं। जिससे कुछ यात्री होटल-धर्मशालाओं की तलाश में 5 किमी आगे गौरीकुंड पहुंच रहे हैं। उधर, बद्रीनाथ तक तो यात्री आराम से पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां दर्शन में अभी भी पांच से छह घंटे तक लग रहे हैं।

---

जॉर्जिया के अल्फारेटा में हुआ हादसा

## कार हादसे में 3 भारतीय मूल के छात्रों की मौत, 2 घायल



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के जॉर्जिया में पिछले सप्ताह एक कार हादसे में तीन भारतीय मूल के छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। ये सभी पांचों छात्र अल्फारेटा हाई स्कूल और जॉर्जिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस का मानना है कि 14 मई को जॉर्जिया के अल्फारेटा में हुई घातक दुर्घटना की एक वजह तेज रफ्तार हो सकती है। साथ ही कहा कि ड्राइवर के वाहन से नियंत्रण खो देने के बाद तेज रफ्तार वाहन पलट गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में आर्यन जोशी और श्रिया अवसारला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्वी शर्मा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा, घायल छात्रों - रिथवाक सोमपल्ली और मोहम्मद लियाकत का अल्फारेटा के नॉर्थ फुल्टन अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

बस्ती से पीएम मोदी ने किया बड़ा वार

## 'राम मंदिर पर बाबरी ताला लगाने का सपना देख रहे कांग्रेस के शहजादे'

एजेंसी ▶▶ बस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (22 मई) को लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने उत्तर प्रदेश के बस्ती पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस अति पिछड़ा विरोधी है। सीताराम केसरी को रातोंरात बाथरूम में फेंककर सोनिया गांधी को पार्टी का अध्यक्ष बना दिया था। पीएम मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, सपा और कांग्रेस के शहजादे की फिल्म के रिलीज से मैं नाराज हूं। सपा और कांग्रेस के शहजादे अफवाह उड़ा रहे हैं कि वे 79 सीट जीतेंगे। ये लोग दिन में सपना देख रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 4 जून को यूपी की जनता इन्हें नींद से जगा देगी।



### इंडिया गठबंधन को राम मंदिर से परेशानी

पीएम ने रैली में राम मंदिर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन को राम मंदिर से परेशानी है। सपा वाले राम मंदिर को बेकार बताते हैं, राम मंदिर जाने वालों को पाखंडी कहते हैं। ये लोग सनातन धर्म के विनाश करने की बात करते हैं। कांग्रेस के शहजादे तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहते हैं। ये राम मंदिर पर बाबरी ताला लगाने का सपना देख रहे हैं। ये रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं।

### पाकिस्तान के हमदर्द भारत को डरा रहे

पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान के हमदर्द सपा और कांग्रेस वाले अब भारत को डरा रहे हैं। ये कहते हैं कि पाकिस्तान से डरो उसके पास एटम बम है। साथियों पाकिस्तान तो पस्त पड़ गया है। उसे अनाज के भी लाले पड़ गए. क्यों डरे भारत? आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है, मोदी की मजबूत सरकार है। भारत आज घर में घुसकर मारता है।

**इस चुनाव में कोई गलती मत करना :** पीएम मोदी ने कहा, सपा ने यूपी को केवल बदनामी दी थी। हमारी बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। लोग जमीन खरीदने से डरते थे, जमीन खरीदी तो कोई न कोई कब्जा कर लेता था। गुंडे-माफिया सपा के मेहमान होते थे, दंगाइयों को स्पेशल प्रोटोकॉल मिलता था, आतंकवादियों को जेल से छोड़ने का फरमान जारी होता था।

## मोदी की पटियाला रैली पर गुस्से में अन्नदाता! दिखाएंगे काले झंडे

बोले-प्रशासन नहीं मान रहा हमारी मांग



देश में जैसे-जैसे गर्मी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह पंजाब के किसानों का पारा भी काफी हाई हो चुका है। इसी बीच, सरकार से जारी गतिरोध के बीच पंजाब के किसान संगठन पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। पीएम मोदी गुरुवार को चुनाव प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर रहेंगे। पंजाब में सातवें चरण में सभी सीटों पर वोटिंग होगी। किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि हमने सरकार से कहा कि हमें दिल्ली जाने की इजाजत दें लेकिन उन्होंने हमें इसकी इजाजत नहीं दी।

### किसानों की मांग

पंधेर ने कहा कि 23 फसलों पर एमएसपी की गारंटी के अलावा मजदूरों को 200 दिन के काम की गारंटी दी जानी चाहिए और उनकी मजदूरी भी बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने इस बात का सिरे से खंडन किया कि किसानों की वजह से आम लोगों को परेशानी हो रही है। पंधेर ने कहा कि हमे बदनाम किया जा रहा है। हमने उस जगह को भी बंद नहीं किया है जहां पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था।

## खुलासाः पाकिस्तान के इशारे पर दिल्ली दहलाने की थी बड़ी साजिश

दिल्ली में चुनाव से पहले आतंकी हमले का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के छठे चरण (25 मई) के लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों को दहलाने की साजिश है। गुजरात से पकड़े गए आईएसआईएस से जुड़े चार आतंकियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। आतंकियों के खुलासे के बाद दिल्ली समेत कई शहरों में सुरक्षा एजेंसिया हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली समेत कई शहरों को दहलाने की ये साजिश पाकिस्तान में आईएसआई की गोद में बैठे आईएसआईएस कमांडर फरतुल्लाह गौरी ने तैयारी की है। दिल्ली समेत कई शहरों को दहलाने के लिए गुजरात मॉड्यूल को एक्टिवेट किया गया था। इससे पहले पुणे में पकड़ा गए मॉड्यूल भी आईएसआईएस के कमांडर फरतुल्लाह गौरी के संपर्क में था।

### पाक में बैठे सरगना के आदेश का था इंतजार

गुजरात में पकड़े गए आतंकियों ने कबूल किया है कि उनके टारगेट पर न सिर्फ यहूदी धार्मिक स्थल थे बल्कि वो देश की राजधानी समेत कई अन्य शहरों में सीरियल ब्लास्ट की तैयारी भी कर चुके थे। उन्हें पाकिस्तान में बैठे अपने कमांडर फरतुल्लाह गौरी के आदेश का इंतजार था। पकड़े गए आतंकियों में से एक मोहम्मद नुसरत पाकिस्तानी आतंकी है।

## नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सड़क तक होगा आंदोलन

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ और अधिक आक्रामक ढंग से विरोध करने जा रही है।



बुधवार को पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। बैठक की जानकारी देते हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री एनपी साउद ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दल की मांग को अनसुना कर दिया है और सहकारी मामले की जांच कराने से पीछे हट रही है। साउद ने बताया कि अब तक कांग्रेस सिर्फ सदन में गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी लेकिन अब सड़क पर आन्दोलन करने जा रही है। दोनों सदन की कार्यवाही रोकने के साथ ही सड़क पर भी गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस की सांसद एवं पूर्व मंत्री चन्दा चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय कार्य समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री के खिलाफ पहले चरण में काठमांडू में प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है।


## छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)

पक्षकार - छ.ग. रेरा, शास्त्री चौक
जिला - रायपुर (छ.ग.) ..आवेदक

बनाम

(01) एम.पी.जी.एम. स्ट्रक्चर एण्ड डेव्हलपर्स, पता - बुढ़ी मांई मंदिर के पार, राजेन्द्र नगर, कटोरा तालाब, जिला - रायपुर (छ. ग.) (SM-URP-2024-02352)
(02) श्री एम. के. एल. कन्स्ट्रक्शन ग्रुप, भागीदार - श्री राजेन्द्र नारायण, पता - सुंदर नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.) (SM-URP - 2024 02353)
(03) मेसर्स अरोरा कॉलोनाईजर एंड बिल्डर्स, द्वारा पार्टनर - श्री हरपाल सिंह अरोरा, पिता - श्री सेवक सिंह अरोरा, पता - तेलीबांधा, जिला - रायपुर (छ.ग.) (SM-URP 2024 02354)
(04) मेसर्स मौश्वर्या इन्फ्रास्ट्रचर प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर- श्रीमती स्वाति लड्डा, पिता - श्री रवि लड्डा, पता - मौलश्री विहार, बेबीलॉन होटल के सामने, व्ही.आई.पी. रोड, जिला - रायपुर (छ.ग.) (SM-URP-2024-02360)
(05) श्री बांके बिहारी रियल ट्रेड प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर - श्री अजय जोशी, पिता - श्री डी. एस जोशी, पता - प्रकाश पैलेस, जिला - रायपुर (छ.ग.) (SM-URP 2024 02364)
(06) मेसर्स स्वास्तिक बिल्टमेंट इंडिया प्रा. लि., द्वारा डायरेक्टर - श्री विकास गोयल, पिता-श्री राम अवतार अग्रवाल, पता - व्ही.आई.पी. एस्टेट, शंकर नगर, जिला - रायपुर (छ. ग.) (SM-URP 2024 02368) .....अनावेदकगण

सूचना तामिली पक्षकार - अनावेदक प्रमोटर क्रमांक - (01) से 06 को प्रकरण में सुनवाई हेतु उपस्थिति के लिए सूचना तामिली हेतु।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शिकायतकर्ता द्वारा उत्तरवादी - (01) एम. पी. जी. एम. स्ट्रक्चर एण्ड डेव्हलपर्स, पता - बुढ़ी मांई मंदिर के पार, राजेन्द्र नगर, कटोरा तालाब, जिला - रायपुर (छ.ग.), (02) श्री एम. के. एल. कन्स्ट्रक्शन ग्रुप, भागीदार - श्री राजेन्द्र नारायण, पता - सुंदर नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.), (03) मेसर्स अरोरा कॉलोनाईजर एंड बिल्डर्स, द्वारा पार्टनर - श्री हरपाल सिंह अरोरा, पिता- श्री सेवक सिंह अरोरा, पता - तेलीबांधा, जिला - रायपुर (छ.ग.), (04) मेसर्स मौश्वर्या इन्फ्रास्ट्रचर प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर- श्रीमती स्वाति लड्डा, पिता - श्री रवि लड्डा, पता - मौलश्री विहार, बेबीलॉन होटल के सामने, व्ही.आई.पी. रोड, जिला - रायपुर (छ.ग.), (05) श्री बांके बिहारी रियल ट्रेड प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर- श्री अजय जोशी, पिता-श्री डी. एस जोशी, पता - प्रकाश पैलेस, जिला - रायपुर (छ.ग.), (06) मेसर्स स्वास्तिक बिल्टमेंट इंडिया प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर - श्री विकास गोयल, पिता- श्री राम अवतार अग्रवाल, पता - व्ही. आई. पी. एस्टेट, शंकर नगर, जिला - रायपुर (छ. ग.) के विरूद्ध छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर के समक्ष अधिनियम की धारा - 59 के अधीन संधारित क्रमशः प्रकरण क्रमांक - SM-URP-2024-02352, SM-URP-2024-02353, SM-URP-2024-02354, SM-URP-2024-02360, SM-URP- 2024-02364, एवं SM-URP 2024 02368 है। उत्तरवादी को दस्तावेज में उल्लेखित पते पर सूचना पत्र (नोटिस) प्रेषित किया गया था, जो कि अदम तामिल प्राप्त हुए है।

अतएवं उक्त परिवाद में आगामी सुनवाई तिथि 31/05/2024 को प्रातः 11:00 बजे नियत किया गया है। आप उक्त तिथि में नियत समय पर छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर (छ.ग.) के समक्ष स्वयं अथवा विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए उत्तरवादी स्वतः जवाबदार होंगे।

आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं प्राधिकरण के पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मान. प्राधिकरण द्वारा आदेशित)
S-40232/2

(यामिनी पाण्डेय गुप्ता)
रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

(छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)
(कार्यालयः कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग उत्तर, छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि. रायपुर)

सूचना

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों /उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.05.2024 शुक्रवार | सुबह 8.00 से दोपहर 12.00 बजे तक | भवानी नगर | 11 के.व्ही. विकास नगर टीचर्स कॉलोनी फीडर एवं साईनाथ फीडर | विकास नगर, टीचर्स कॉलोनी, साईनाथ कॉलोनी एवं संबंधित क्षेत्र |
| 2 | | | गोंदवारा | 11 के.व्ही. वरूण फीडर | अनुग्रह रेसीडेंसी, लक्ष्मी विहार, बसंत विहार, सुखराम नगर एवं संबंधित क्षेत्र |
| 3 | | | कबीर नगर (पुराना) | 11 के.व्ही. मिडिया सिटी फीडर | हर्षित विहार, चित्रकुट परिसर, मीडिया कालोनी एवं संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइये।**
उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी 2593892 खमतराई-2576317, टाटीबंध 2574755, कबीर नगर 2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन / रोड / तालाब का निर्माण करना अवैधानिक है। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लि.मि. रायपुर



## Directorate Veterinary Services, Chhattisgarh

Indrawati Bhawan, Block-3,NawaRaipur Atal Nagar
Phone.no.0771-2331393,94,95 Fax.no.0771-2331392/95 email-dirvet.cg@nic.in

No.2716/Tender/NLM /Goat AI Kits /DVS, C.G./2024-25/
Dated: 17/05/2024

**Amendment**

**Tender Ref. No.:** Tender No. 700/ NLM/ Goat AI Kits /DVS CG/Date 12.02.2024
**Subject :** The following amendments is being incorporated in the referred tender document

| Sr. No | Details as per Original Tender Document | Amendment |
|---|---|---|
| 1 | Last Date and Time for Submission of Tender is 15/03/2024 Up to 5.30 PM (Page no. 1,2,3 of Tender documents) | Last Date and Time for Submission of Tender is 16/06/2024 Up to 5.30 PM (Page no. 1,2,3 of Tender documents) |

G-242500064/3

Director
Veterinary Services
Chhattisgarh



HONDA

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the General Public that Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd. ("HMSI") has terminated all its relationships with **M/s Anaal Automobiles (Anaal Honda)** having Showroom and Workshop at **Block No-18, Plot No-1 to 8 & 10, Dakshin Gangotri, Supela Chowk, Bhilai, Chhattisgarh - 490023** with effect from the close of business hours of **18th April, 2024**. The company has terminated all its relationships and recalled all rights including and not limited to use of company's name, logo/trademark, on all documents, letterheads bearing name of the Company. In case M/s Anaal Automobiles (Anaal Honda) is found selling or servicing HMSI products in the name and style which is indicative of any authorization from HMSI, it shall be subject to prosecution for trade mark infringement and passing off. Public at large is hereby advised not to deal with the subject dealership and in case of any clarification please contact the nearest authorized dealership of HMSI or contact Customer Care No. 18001033434.

Any person dealing with M/s Anaal Automobiles (Anaal Honda) shall deal at his/her own risk and consequence. HMSI and/or officials shall own no responsibility for such arrangements or dealings with M/s Anaal Automobiles (Anaal Honda).

For Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd.

Sd/-
(Authorized Signatory)

Place: Gurugram



## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित-संभाग नारायणपुर

क्र./45-54/प्रकाशन/2024/217 // आवश्यक सूचना// नारायणपुर, दिनांक 22/05/2024

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा./संधा.) संभाग नारायणपुर अंतर्गत नारायणपुर उपसंभाग में विद्यमान 33/11 के.व्ही. लाईनों एवं उपकेन्द्रों का मानसून पूर्व रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार तिथियों में किया जाना है। अतः उक्त तिथियों में संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।


| क्र. | दिनांक | दिन | सबस्टेशन का नाम | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 23.05.2024 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कूंदला | 33 के.व्ही. कूंदला | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र कुंदला के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 2 | 24.05.2024 | शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आकाबेड़ा | 33 के.व्ही. आकाबेड़ा | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र आकाबेड़ा के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 3 | 25.05.2024 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर | 11 के.व्ही. कलेक्ट्रेड | (माहका रोड, नयापारा, डी.एन.के. दीनदयाल अटलआवास, आश्रम वार्ड चंदनीभाटा, असपताल) इस फीडर में आने वाले समस्त क्षेत्र |
| 4 | 27.05.2024 | सोमवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र छोटेडोंगर | 33 के.व्ही. छोटेडोंगर | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र छोटेडोंगर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 5 | 28.05.2024 | मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेनूर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेनूर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेनूर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 6 | 29.05.2024 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर | 11 के.व्ही. एजूकेशन हब | (एजूकेशन हब, एड़कारोड़, गढ़बेंगाल, गरांजी, दुग्गाबेंगाल) इस फीडर में आने वाले समस्त क्षेत्र |
| 7 | 30.05.2024 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर | 11 के.व्ही. बाजारपारा | (बखरूपारा, बाजारपारा, जगदीश मंदीर, माहावीरचौक, कुम्हारपारा, साकड़ीबेड़ा, डुमरतराई, खड़ीबहार) इस फीडर में आने वाले समस्त क्षेत्र |
| 8 | 31.05.2024 | शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर | 11 के.व्ही. जयस्तंभ | (मेनरोड बंगलापारा, जयस्तंभचौक, गौरवपथ, सोनपुर रोड, पाठकचौक) इस फीडर में आने वाले समस्त क्षेत्र |
| 9 | 01.06.2024 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर | 33 के.व्ही. नारायणपुर | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र नारायणपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |

टीप- असुविधा के लिए खेद है।

।। स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं ।।

(श्री एच.के.ध्रुव)
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. नारायणपुर





# डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पीते रहें पानी-लिक्विड डाइट

**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला कुछ-कुछ देर बाद सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका उचित समाधान बताएं।**

**-आकाश, दिल्ली**

मौजूदा समय में तापमान इतना अधिक है कि पानी पीने के बाद भी लगातार लोगों का गला सूखता रहता है। इसलिए आप परेशान मत हों। कुछ-कुछ समय बाद पानी पीते रहें और बीच में छाछ या नीबू पानी का सेवन भी जरूर करें। ये सभी पेय गर्मी में होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाव में मदद करते हैं।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जीवेश, रायपुर**

मौजूदा समय में इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। इसका एक बहुत बड़ा कारण प्रदूषित पानी का सेवन है, जिस वजह से बाल तेजी से झड़ रहे हैं। इसके लिए पहले आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। साथ ही कोशिश करें कि दूषित पानी से बाल ना धोएं। इसके अलावा बाजार में मिलने वाले तरह-तरह के शैंपू का इस्तेमाल भी ना करें, डॉक्टर द्वारा बताए गए शैंपू ही इस्तेमाल करें। इससे आपको हेयर फालिंग की समस्या से थोड़ी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले छोड़ चुका हूं। प्लीज मेरी प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजेंद्र, रोहतक**

सबसे पहले आप खट्टी चीजें खाना छोड़ दें। साथ ही फ्रिज में रखे बिल्कुल ठंडे फूड्स, डिशेज और ड्रिंक्स बिल्कुल ना पिएं। सुबह और शाम नियमित रूप में गुनगुने पानी से गरारा करें। एक बार डॉक्टर से संपर्क कर कफ सीरप लिखवा लें। अगर इन उपायों से भी आराम नहीं मिलता है, तो आपको डॉक्टर की सलाह से कुछ टेस्ट करवा लेने चाहिए। इससे खांसी का मूल कारण पता चलेगा और फिर उसका ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ देर तक बैठने के बाद घुटनों और कमर में जकड़न महसूस होती है और चलने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-देवप्रकाश, भोपाल**

उम्र बढ़ने के साथ ही हड्डियों में इस तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण होता है हड्डियों के बीच गैप का बढ़ जाना, जिसकी वजह से दर्द शुरू हो जाता है। इससे बचाव का स्थाई समाधान एक ही है कि आप नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। इसके लिए चाहे तो एक बार फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें, वो आपको कुछ एक्सरसाइज बता देंगे। साथ में कैल्शियम, विटामिन B12, विटामिन डी की जांच कराते रहें और इनकी कमी होने पर डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप में दवा लेते रहें।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे रात में ठीक से नींद नहीं आती है। जिसकी वजह से सुबह सिर में भारीपन रहता है। रात में अच्छी नींद के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रजत, बिलासपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि पिछले कुछ समय में आपके साथ ऐसा क्या हुआ है, जो आपके दिमाग में बार-बार घूमता है और जिस वजह से आपको नींद नहीं आ रही है? क्योंकि नींद ना आने का समाधान उस समस्या के ढूंढ़ने से होगा, जो आपको परेशान कर रही है। नींद की दवाइयां खाने से बचें, ये लंबे टाइम तक सेवन करने पर हार्मफुल होती हैं। इसलिए डॉक्टर से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

दिनों-दिन तापमान का बढ़ता पारा, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक हैं। ऐसे में अगर हम जाने-अंजाने कुछ गलतियां करते हैं तो कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का शिकार हो सकते हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि हम ऐसी गलतियां ना करें और पर्याप्त सावधानी बरतते हुए खुद को स्वस्थ रखें।

# तपती गर्मी वाले इन दिनों में ना करें ऐसी गलतियां

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा हो सकता है। एक स्टडी के मुताबिक गर्मियों में जाने-अनजाने की गई गलतियों का हेल्थ पर असर कभी-कभी लंबे समय बाद पता चलता है। लेकिन अगर इनके प्रति सजग रहें और इन गलतियों को ना करें तो निश्चय ही सेहतमंद रहा जा सकता हैं।

**भरपूर पानी का सेवन न करनाः** सबसे बड़ी गलती जो ज्यादातर लोग करते हैं कि वो अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड नहीं रखते हैं। यानी कि गर्मियों में जितना पानी हमारे शरीर को चाहिए, वो उतना पानी नहीं पीते। चूंकि गर्मी में पसीना आने की वजह से हमारे शरीर का पानी सूखता जाता है। यहां तक कि गर्मी से राहत पहुंचाने में कारगर एसी की हवा भी हमारी त्वचा से मॉयश्चराइजर खींच लेती है। इसलिए डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी या अन्य लिक्विड डाइट जरूर लेनी चाहिए। लेकिन कोल्ड ड्रिंक्स के नियमित सेवन से हमें कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, इसलिए इनसे परहेज करना बेहतर है। इनमें आर्टिफिशियल शुगर बहुत ज्यादा होती है। इसलिए ज्यादा सेवन करने से शरीर में कैलोरी इनटेक बढ़ जाता है, जिससे वेट और ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बना रहता है। कोल्ड ड्रिंक्स में फास्फोरिक एसिड पाया जाता है, जो हमारी हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा करता है। यह एसिड हड्डियों को गलाकर कमजोर करता है। इसके साथ यह दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचाता है। कुछ कोल्ड ड्रिंक्स में कैफीन भी होता है, जिसका ज्यादा सेवन करने से स्लीप पैटर्न या सरकेडियम रिदम गड़बड़ा जाती है। हार्ट रेट बढ़ जाता है और हार्ट हेल्दी नहीं रह पाता। इससे गेस्ट्रो इंटेस्टाइनल सिस्टम भी गड़बड़ा जाता है। यह एसिडिटी का भी कारण बनता है। इसलिए कोल्ड ड्रिंक्स के बजाय गर्मियों में ऐसी चीजें खाना या पीना फायदेमंद है, जिनकी तासीर ठंडी होती है। गोंद कतीरा, सब्जा के बीज, नीबू पानी, छाछ, लस्सी, बेल का शर्बत, गन्ने का रस जैसे देसी पेय और तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसी चीजें जिनकी तासीर ठंडी होती है। इनमें पानी की मात्रा काफी अधिक होती है और ठंडी तासीर ठंडक प्रदान करती है। इनमें मौजूद पोषक तत्व हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।







**प्लास्टिक बोतल वाला मिनरल वॉटर पीनाः** बाजार में अकसर लोकल प्लास्टिक बोतलों में पानी मिलता है। मिनरल वॉटर के नाम पर मिलने वाला पानी भी कई बार सही नहीं होता। एक रिसर्च से साबित हुआ है कि दुकानों के बाहर कैरेट्स में रखी पानी की ये बोतलें तेज धूप में पड़ी रहती हैं। तेज धूप की यूएवी किरणों के संपर्क में आने पर इन बोतलों में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक धीरे-धीरे पिघल कर पानी में मिल जाता है। ऐसा पानी ज्यादा पीने से लंबे समय में कैंसर का अंदेशा रहता है। इसलिए जरूरी है कि प्लास्टिक की बोतल में मिलने वाले पानी या अन्य ड्रिंक्स को अवॉयड करें। बाहर जाते हुए अपने साथ स्टील या कांच की बोतल लेना उपयुक्त है। इसमें भी फ्रिज के चिल्ड पानी के बजाय कम ठंडा पानी लेकर जाएं। मटके या घड़े का पानी सबसे बेहतर है। मिट्टी के घड़े का पानी ठंडा होने के साथ ही एल्कलाइन पीएच गुणों से युक्त होता है, जो स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि फ्रिज का पानी शरीर के लिए एक शॉक की तरह होता है। हमारे पाचन तंत्र के लिए नुकसानदायक होता है। ठंडा पानी फैट को जमाना शुरू कर देता है और रक्त धमनियों को संकुचित करने लगता है, जिसका असर शरीर को प्रभावित करता है। मांसपेशियों में अकड़न, जोड़ों में दर्द की भी शिकायत रहती है।

**मिनरल्स की पूर्ति ना करनाः** अगर गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है तो इलेक्ट्रोलाइट्स या ओआरएस लेने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बना लेना चाहिए। क्योंकि पसीने के माध्यम से शरीर से पोटेशियम, आयरन जैसे माइक्रो न्यूट्रिएंट्स निकल जाते हैं, जिसका असर शरीर पर पड़ता है। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा नहीं तो दिन में एक छोटा चम्मच ओआरएस पानी में मिलाकर जरूर लेना चाहिए।

**सन एक्सपोजर से बचाव ना करनाः** कई लोग जाने-अनजाने सनलाइट के एक्सपोजर में रहते हैं। सन एक्सपोजर होने पर चक्कर आना, बहुत गर्मी लगना, सिर दर्द होना, नकसीर आना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इन दिनों सुबह 10 से शाम 4 बजे की धूप नुकसानदायक होती है। सनबर्न, हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। कोशिश करें कि इस समय बाहर न जाएं, संभव न हो तो हाइड्रेटेड रहें और स्कार्फ, दुपट्टा, टोपी या फिर छतरी से अपने सिर को जरूर कवर करके बाहर जाएं। संभव हो तो निकलने से पहले बड़ा रूमाल ठंडे पानी से गीला कर लें। धूप में ठंडे रूमाल से अपना चेहरा थोड़ी-थोड़ी देर में पोंछते रहें या अपने सिर या गर्दन पर रख लें। इससे हीट का नेगेटिव इफेक्ट कम होगा।

**एसी में ज्यादा रहनाः** हालांकि एसी यानी एयर कंडीशनर की ठंडी हवा गर्मी से राहत दिलाने में कारगर है। लेकिन इससे शरीर पर कई नेगेटिव इफेक्ट भी पड़ते हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। एसी कमरे के वातावरण से और हमारे शरीर से मॉयश्चर को निकाल देता है। इससे बचने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल जरूर करें। या फिर कमरे में छोटी बाल्टी या बर्तन में पानी भर कर जरूर रखें। शरीर को मॉयश्चराइज करने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। आंखों में होने वाली इरिटेशन को कम करने के लिए आइज मास्क लगाएं या खीरे-आलू के स्लाइस रखें या फिर रूमाल को ठंडे पानी में भिगोकर कुछ देर आंखों पर रखें।

इसके अलावा एसी का टेंपरेचर बहुत लो न रखें। जब इतने लो टेंपरेचर से आप बाहर के हाई टेंपरेचर में जाते हैं, तो हीट स्ट्रोक की संभावना 76 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कोशिश करें कि एसी का टेंपरेचर 23-24 डिग्री तक रखें। यही नहीं एसी के फिल्टर्स को समय-समय पर साफ नहीं करने की वजह से कई लोगों को रेस्पिरेटरी समस्याएं हो सकती हैं।

**कपड़ों का ध्यान न रखनाः** गर्मियों में टाइट कपड़े पहनने से हमारी स्किन का ब्रीदिंग प्रोसेस धीमा हो जाता है। डार्क कलर की ड्रेसेस ज्यादा हीट एब्जॉर्ब करती हैं और स्किन ठीक तरह ब्रीद नहीं कर पाती, जिससे ज्यादा गर्मी लगती है। पसीना ज्यादा आना या घमौरियां, रैशेज जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। कोशिश करें कि कॉटन फैब्रिक के लाइट कलर ड्रेसेस ही पहनें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

### खान-पान पर ध्यान देना है जरूरी



**गर्मियों में** हैवी मील लेने से परहेज करें। इसके बजाय छोटे मील लीजिए। जापानी लोगों के हिसाब से जितना भोजन करना उनके लिए जरूरी है, वो उसका एक-तिहाई हिस्सा ही खाते हैं। उनका मानना है कि वास्तव में एक-तिहाई खाने से ही हमारा पेट भर जाता है। लंच से आधा घंटा पहले सलाद जरूर खाना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर पेट संबंधी समस्याओं से बचाने में मददगार होता है। शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए दिन में तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसे फल जरूर खाएं।

---

**सीजनल डाइट**

रेखा देशराज

वैसे तो गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कई खाद्य और पेय पदार्थ उपयोगी हैं। लेकिन इनमें भी खासतौर पर बेल का शर्बत पीने से आपको तमाम लाभ प्राप्त हो सकते हैं। इसके गुणों के बारे में जानिए।

# गर्मी का अमृत बेल का शर्बत



तपती गर्मी के मौसम में हाइड्रेटेड रहने के लिए हम सब अपने बड़े-बूढ़ों से जिन कुछ खास शर्बतों के बारे में बार-बार सुनते हैं, उनमें बेल का शर्बत सबसे प्रमुख है। बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए यह ना केवल लू यानी हीट स्ट्रोक के खतरे से हमें बचाता है बल्कि इसमें बहुत सारे न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं। इन तमाम खूबियों की वजह से बेल को गर्मी के लिए अत्यंत उपयोगी, अमृत तुल्य माना जाता है।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** बेल में विटामिन सी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, टैनिन, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों के साथ इसमें खासतौर पर फाइबर और फास्फोरस की भरमार होती है। यह हमारे शरीर को गर्मी से तो बचाता ही है, पानी की किसी भी तरह की कमी से भी बचाव करता है। बेल का शर्बत गर्मियों में हमें अच्छी तरह से हाइड्रेट रखता है। इसे पीने से फायदा यह होता है कि लू लगने की आशंका बहुत कम हो जाती है और इन दिनों जिस तरह से जरा सी लापरवाही से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, उस मामले में भी हम बेफिक्र रह सकते हैं। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व शरीर के दर्द और सूजन को कम करते हैं। बेल के शर्बत के ये तमाम फायदे सबसे ज्यादा तब हासिल होते हैं, जब हम सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीएं।

**बढ़ती है इम्यूनिटीः** बेल का शर्बत हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। यह हमारे शरीर का खून साफ करता है। पेट दर्द, गैस, कब्ज, दस्त और डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से हमें बचाता है। इसके पीने से ब्लड शुगर कम होता है और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और कई तरह की खतरनाक बीमारियों से भी हमारा बचाव होता है। मसलन, यह हमें ब्रेस्ट कैंसर और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। बेल का शर्बत नियमित रूप से पीने से हम कई तरह की त्वचा संबंधी बीमारियों से भी बचे रहते हैं और ज्यादा गर्मी के दिनों में आमतौर पर होने वाले डिहाइड्रेशन से तो बचाव में यह रामबाण है ही।

**शुगर लेवल करे कंट्रोलः** हालांकि बेल का शर्बत मीठा होता है, लेकिन यह डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहद गुणकारी है। इसके पीने से शुगर बढ़ने की किसी भी तरह की आशंका के विपरीत यह शुगर नियंत्रित रखता है। लेकिन अगर आपको डायबिटीज है तो बेल का शर्बत पीने से पहले अपने डॉक्टर से एक बार कंसल्ट जरूर कर लें।

**कुछ अन्य फायदेः** रोज सुबह बेल का शर्बत पीने से एक नहीं अनेक फायदे होते हैं।

- सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीने से पाचन से जुड़ी कई तरह की समस्याएं नियंत्रित रहती हैं। इसे पीने से एसिडिटी और अपच से छुटकारा मिलता है।
- नियमित रूप से गर्मी के मौसम में बेल का शर्बत पीने से गैस्ट्रिक अल्सर के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है।
- बेल के शर्बत में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी की मात्रा खूब ज्यादा होती है, इसलिए जब हम इसे सुबह खाली पेट पीते हैं तो हमें दोपहर तक भरपूर एनर्जी मिलती है।
- बॉडी को जिन कुछ पेय पदार्थों से डिटॉक्स किया जाता है, उनमें बेल का शर्बत भी एक है। *

### रखें ध्यान



**किसी अच्छी** चीज की भी अति खराब होती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा बेल का शर्बत पीने से कई पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। मसलन अपच, पेचिस और कब्ज जैसी समस्याएं, हमें परेशान कर सकती हैं। इसलिए इसका कब कितना सेवन करना आपके लिए उपयोगी होगा, इस बारे में अपने डॉक्टर या आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।

---

**न्यू स्टडी**

# प्रोसेस्ड फूड से लंग्स डिजीज का भी रिस्क



हेल्दी बॉडी के लिए फेफड़ों (लंग्स) का हेल्दी रहना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए स्वच्छ हवा के साथ-साथ भोजन का भी सीधा संबंध है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रोसेस्ड फूड्स अधिक खाने से क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज यानी सीआरडी से होने वाली मौतों का खतरा काफी अधिक बढ़ सकता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, प्रोसेस्ड फूड्स में न्यूट्रिएंट्स की मात्रा काफी कम होती है। दरअसल, प्रोसेसिंग के कारण इन फूड्स में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। यही नहीं इनमें जरूरी एंटी ऑक्सीडेंट्स भी नहीं पाए जाते हैं। इस बारे में किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की रूटीन डाइट में 40 प्रतिशत से ज्यादा मात्रा में प्रोसेस्ड फूड शामिल थे, उनमें क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सीओपीडी से होने वाली डेथ का खतरा 26 प्रतिशत ज्यादा था। रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि प्रोसेस्ड फूड के सेवन से फेफड़ों से जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे लंग्स कैंसर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और अस्थमा का रिस्क भी दस प्रतिशत तक बढ़ जाता है। वर्ष 1999 से 2018 के बीच अमेरिका में 96 हजार से अधिक लोगों के डाइट संबंधी आंकड़ों से उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। *

**-अजेश कुमार**

---

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

Acne Clear Cream
Since 1954
DR. SAHEB
पूर्णतः आयुर्वेदिक, स्वदेशी एवं ईमानदार क्रीम याने मुंहासों के लिए वरदान
CLINICALLY TESTED
कॉलेजियन® क्रीम
60 सालों से युवाओं की स्किन केयर, 12 गुणों का विशाल भंडार
AN ISO 9001 : 2008 Certified Company
MRP ₹124/- Now ₹99/- Only. (20 g)





केवल ट्यूब ही लें
आप अपने परिवार के लिये केवल 1 ट्यूब कॉलेजियन क्रीम की अवश्य ले जायें। क्योंकि ऐसी चीजें बनाई नहीं जाती है बल्कि वरदान के रूप में बन जाती है।
Available at amazon.in Flipkart
सर्दियों में त्वचा को कोमल बनाकर ग्लो बढाएं।
An all purpose, all season cream for all ages with proven results (Men, Women & New Born)
Bliss for Acne Prone Skin
Get Dream Like Glow | Best for Pimples
Best Skin Care Partner
CUSTOMER CARE 9926054001
दुनिया भर की देशी या विदेशी कंपनियों की कई क्रीम या फेशियल के कई साधन वापरें या फिर केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम हमेशा वापरें। शादी के पहले केवल तीन माह तक कॉलेजियन क्रीम का उपयोग लगातार करें और अपने अदंर एक नया खुबसूरत बदलाव देंखे। स्वयं ही परिणाम देखें आप फिदा हो जाएंगे।
अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में एजेन्सी देना है
केवल होलसेल मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संपर्क - 78708 33333



# फिल्म 'पुष्पा 2' का दूसरा गाना रिलीज को तैयार

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' के दूसरे पार्ट का दर्शकों के बीच गजब का उत्साह है। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट पर फैंस की नजर रहती है। इस फिल्म का पहला गाना 'पुष्पा पुष्पा' रिलीज हो चुका है। गाने ने खूब धमाल मचाया और अल्लू अर्जुन के डांस स्टेप भी खूब वायरल हुए। लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर रील्स बनाईं। मेकर्स अब दर्शकों को दूसरे गाने का तोहफा देने जा रहे हैं। अुधवार को 'पुष्पा 2' के दूसरे गाने का टीजर पोस्टर जारी किया गया है। इसकी एनाउंसमेंट वीडियो गुरुवार को जारी की जाएगी। मेकर्स ने पोस्ट साझा कर समय भी बताया है।

लाइफ Style

# सामंथा

## पोस्ट में कहा- तुम जीत के हकदार हो

सामंथा रुथ प्रभु अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के बीच छाई रहती हैं। वह कभी अपनी फिल्मों और करियर पर लिखती हैं। कई बार जिंदगी पर लिखती हैं। मगर, आज उन्होंने एक ऐसा पोस्ट साझा किया है कि फैंस के बीच हलचल मच गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दरअसल, अभिनेत्री ने एक क्रिप्टिक पोस्ट लिखा है। इसके बाद यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। सामंथा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें लिखा है, 'मैं आपको जीतते हुए देखना चाहती हूं'। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'जो भी आपका दिल चाहे, आपकी जो भी आकांक्षाएं हों, मैं आपका समर्थन कर रही हूं। आप जीत के हकदार हैं'। हार और जीत को लेकर लिखे गए सामंथा के इस पोस्ट पर यूजर्स हैरान हैं। कोई इसे आईपीएल मैच से जोड़कर देख रहा है तो कोई उनकी निजी जिंदगी से। सामंथा के कुछ फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि उनका यह मैसेज विराट कोहली की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए लिए है। सामंथा इस मैसेज के जरिए विराट और उनकी टीम को सपोर्ट कर रही हैं। आरसीबी का मैच 22 मई को राजस्थान रॉयल्स के साथ है। सामंथा पहले भी कई बार विराट कोहली को अपना समर्थन दे चुकी हैं। पिछले साल स्टार स्पोर्ट्स इंडिया के एक चैट शो में सामंथा ने कहा था, 'विराट कोहली बहुत प्रेरित करते हैं। खेल के प्रति उनका समर्पण, धैर्य और प्रतिबद्धता दूसरों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने धैर्य से कई जिंदगियों में बदलाव किया है'।



# '10:29 की आखिरी दस्तक' शो में मुख्य भूमिका निभाएंगे राजवीर और शांभवी

**मुंबई।** स्टार भारत हमेशा से अपने दर्शकों को कुछ नया पेश करने के लिए तत्पर रहा है। फैमिली ड्रामा से लेकर पौराणिक कहानियों तक चैनल ने अपने विभिन्न कंटेंट से दर्शकों का मनोरंजन किया है। ऐसे में अब एक बार फिर वे '10:29 की आखिरी दस्तक' नामक 'सुपरनैचुरल थ्रिलर' शो प्रस्तुत करने जा रहे हैं। यह शो फुल फोकस एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है जो जल्द ही दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उनके टीवी स्क्रीन पर प्रस्तुत होगा। इस शो के मुख्य कलाकरों के चयन के लिए कई अनुभवी कलाकारों की सूची तैयार की गई थी, जिसमें से टीवी के नामचीन अभिनेता राजवीर सिंह और अभिनेत्री शांभवी सिंह को फाइनल किया गया। खास बात यह है कि राजवीर सिंह ने इससे पहले भी स्टार भारत के चर्चित शो 'सूफियाना प्यार मेरा' में ज़ारून का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता था। अब वे दर्शकों को इस शो में बिलकुल एक नए अंदाज़ में नज़र आएंगे जबकि शांभवी इस शो के जरिए टीवी पर अपना पहला मुख्य किरदार निभाएंगी और अभिनय कला से दर्शकों का दिल जीतेंगी। पता हो कि '10:29 की आखिरी दस्तक' शो चमकिया गांव के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां हर रात ठीक 10:29 बजे रहस्यमय घटनाएं घटती हैं। यह शो दर्शकों को बांधे रखने का वादा करता है और इसका हर एपिसोड नए रहस्यों को उजागर करता है।



# फिल्म 'रामायण' बंद होने की कगार पर

**मुंबई।** अल्लू मंटेना मीडिया वेंचर्स एलएलपी की 'प्रोजेक्ट रामायण' नाम से शुरू हुई कोशिशों पर बन रही फिल्म 'रामायण' पर संकट के बादल गहरा गए हैं। इस बारे में बीते हफ्ते की गई तफ्तीश के बाद पूरे मुंबई में कहीं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर किसी भी स्टूडियो में कोई हलचल बीते तीन दिन से पता नहीं चली है। सूत्र बताते हैं कि फिल्म पर सारा काम रुक गया है और आशंका ये भी जताई जा रही है कि ये फिल्म अब बंद भी हो सकती है। निर्माता मधु मंटेना ने नितेश तिवारी के साथ मिलकर फिल्म 'रामायण' पर साल 2019 में काम शुरू किया था। तब ये फिल्म तीन हिस्सों में बननी थी, पार्ट वन का काम तभी शुरू हो गया था लेकिन फिल्म के लिए निवेशक न मिलने के चलते ये फिल्म अब तक आधिकारिक रूप से शुरू नहीं हो सकी है। फिर बीते दिन खबर आई कि अब ये फिल्म दो पार्ट में बनेगी। फिल्म का सारा कारोबार इन दिनों प्राइम फोकस और उनके साथ फिल्म से निर्माता के तौर पर जुडे अभिनेता यश संभाल रहे हैं।



epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** अंग्रेजी, विज्ञान समूह (गणित/ बायो), कॉमर्स, संस्कृत, विषय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। **साक्षात्कार 26.5.2024 (रविवार) को प्रात: 8:30 से 10:30। संपर्क नूतन उच्चतर माध्यमिक शाला आर.डी.ए .कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मोबाइल. 6260449398.** (RO-991)

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Sanskrit, Maths, Physics,Chemistry, Bio, SST, Science, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 28.05.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- **8109077721, 8109077723,** New Rajendra Nagar, Amlidih- **8109077729, 8109077731,** Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- **8109077730.** (RO-7476)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड -40, सुपरवाइजर- 06, वेतन- सुरक्षा गार्ड- 14000 +पीएफ, सुपरवाइजर- 17000 +पीएफ, लम्बाई: 170 CM रहना फ्री। **संपर्क:- मध्य भारत सिक्योरिटी सर्विसेज सुंदर नगर रायपुर (सी.जी.) मोबाइल :- 7400734419, 9244767686, 6267596471** Interview last date **30-05-2024.** (RO-2761)

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड की 10वीं पास उम्र 18 से 45 वर्ष ड्यूटी समय 12 घंटे, 30 दिन, वेतन 14000/- PF और ESI के साथ **संपर्क सड्डू रायपुर- 6261704334, 8497964446.** (RO-3983)

### असिस्टेंट/ऑफिस वर्क

**आवश्यकता है-** ऑफिस असिस्टेंट एक पोस्ट सर्विस इंजीनियर प्रिंटर रिपेयरिंग One लिए एवं ऑफिस कार्य के लिए ऑफिस boy की आवश्यकता है Channel 4 plus 130-131 pagariya complex old bus stand pandri Raipur mobile number **9424168689.** (RO-4419)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय की लाइन में कार्य किया हुआ अनुभवी सेल्समैन व कंप्यूटर ऑपरेटर तथा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1641)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** दुर्ग अस्पताल मे कार्य हेतु नर्सिंग स्टॉफ, ओटी स्टॉफ एवं सोशल मिडिया कार्य हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है **सम्पर्क :- 88782-66633, 74711-26283.** (Ro-480)

हरिभूमि

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, ड्यूटी टाइम 10:30 -9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कं का ली पा रा 9340477419, 9425216364.** (RO-2760)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर में रायपुर में तेलीबांधा के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करें- 97541-60228.** (RO-1218)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे ऑटोमेटिक एवं मैनुअल गाड़ी चलाने का अनुभव हो। संपर्क करें लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी शॉप नंबर 42-43 ओल्ड मेडिकल कंपलेक्स रजबंधा रोड रायपुर मोबाइल नंबर- 9425250777. (RO-4417)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कुशल कंप्यूटरआपरेटर की। आवश्यक योग्यता कंप्यूटर की जानकारी, MSऑफिस एवं कोरेलड्रा, सैलरी पिछले वेतन से 20% अधिक, ऑफिसएड्रेस Learning Zone New Civic Centre Bhilai, behind Miraj Cinema Shop no.103,104 &106 Mo. **9074133969, 7059321111.** (Ro-483)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टेलर



बच्चों की यूनिफार्म सिलाई करने हेतु आवश्यकता है -
लेडिज़ टेलर 2 पद
GK COZY CRIBS
जीके होंडा के उपर, तेलीबांधा, रायपुर मो. नं.- 6262988899

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु ईमानदार एवं मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- अनमोल सीट कवर सिंधी बाजार एम.जी रोड, रायपुर मोबाइल नंबर- 93295-84946, 78697-60604. (RO-1615)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नटबोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है योग्यता पांचवी, बारहवीं वेतन 13000 से योग्यतानुसार **बॉम्बे मार्केट राज टॉकीज के सामने 9302702087.** (RO-3984)

**आवश्यकता है-** पम्प एवं नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हमाल की सैलरी 15000, **बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-4418)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एवं दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735. (समय 11:00 से 8:00 बजे) (RO-4416)

### गोडाउन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.** (RO-86)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बंगलो मे कार्य करने हेतु घरेलू नौकर (पुरुष) की अनुभव- 2 से 3 वर्ष 24-घंटे रहना खाना साथ मे उम्र 20 से 30 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2759)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु , रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम-बिजली की सुविधा फ्री है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** Mobile **7471176423** (RO-990)

### कुक/सेफ/वेटर

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु इंडियन कुक-3, सेफ-1, तंदुरी कुक - 2, कैप्टन -2, वेटर-4, किचन हेल्पर-4, वाटर ब्वाय-2 की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:- द गोल्डन ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट नियर टोल प्लाजा तरपोंगी जिला- रायपुर मो- 70004-28368, 98271-66974.** (Ro-481)

**आवश्यकता है-** होटल हेतु कुक चाहिए गंजपारा दुर्ग स्थित होटल प्रिंस में किचन में कार्य करने हेतु कुक की आवश्यकता है। **पता- जी.ई. रोड गंजपारा दुर्ग मो. - 9009411111.** (आरो न.-485)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000 )/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें - 07903284986.** (RO-199)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 09205883119.** (Ro-2723)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 4G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 9883460031.** (RO-213)

## Education शिक्षण

**(Walk in Interview)** छत्तीसगढ राज्यएड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से आनंद शिक्षण संस्था लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में निम्न पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार आमंत्रण 2, आउटरीच वर्कर (ORW)-02पद वेतन- =10500+1500 योग्यतास्नातक , साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा है - दिनांक 24/5/2024 समय सुबह 11से दोपहर 2बजे तक। साक्षात्कार **पता :- म. 440, शांतिनगर, गदाचौक के पास, सुपेला, भिलाई संपर्क न.78288-54494, 97703-77577.** (Ro-484)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है - दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732.** (Ro-482)

### मकान

**मकान बेचना है-** महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । **9907826124, 7974486019.** (RO-07)

## Purchase खरीदना

**खरीदना है-** छत्तीसगढ़ में आरा मिल खरीदना/ किराये में लेना है। अनुभवी आरा मिस्त्री एवं लोडिंग हेतु मजदूरों की टीम भी तुरन्त **सम्पर्क करें- 8871044001.** (RO-34190)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9991177208, 9991177208.** (RO-2745)




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति तीन साल के निचले स्तर पर




**लंदन।** घरेलू खर्चों में कमी आने से ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में तीन साल के निचले स्तर 2.3 प्रतिशत पर आ गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अप्रैल के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस महीने घटकर 2.3 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक के लाभ में 60 प्रतिशत का इजाफा




**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सालाना आधार पर 60 प्रतिशत बढ़कर 34.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। भुगतान बैंक ने बुधवार को बयान में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में उसका राजस्व 42 प्रतिशत बढ़कर 1,836 करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर, 2023 तिमाही की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक 539 करोड़ रुपये कमाए।

### सुजलॉन को जुनिपर ग्रीन एनर्जी से मिला नया ठेका




**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को जुनिपर ग्रीन एनर्जी से 402 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए नए ठेके मिले हैं। राजस्थान के फतेहगढ़ में सुजलॉन प्रस्तावित साइट पर दोनों परियोजनाओं के लिए टावर और तीन मेगावाट की रेटेड क्षमता के साथ कुल 134 पवन टरबाइन जनरेटर स्थापित करेंगे।

### सन फार्मा का शुद्ध लाभ 2,654.58 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 2,654.58 करोड़ रुपये रहा है। दवा कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में शुद्ध मुनाफा 1,984.47 करोड़ रुपये रहा था। सूचना में बताया कि कंपनी की कुल परिचालन आय 2023-24 की चौथी तिमाही में 11,982.9 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 10,930.67 करोड़ रुपये थी। विवाल्डिस हेल्थ एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में पूरा किया गया था।

# गोल्ड लोन लेने वालों पर आरबीआई की सख्ती से बढ़ेंगी मुश्किलें, मिलेगा कम पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एक कंपनी को गोल्ड लोन देने से रोक दिया गया है

गोल्ड लोन को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक ने अब सख्ती करनी शुरू कर दी है। खासकर, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसीज) पर केंद्रीय बैंक ने निगरानी कुछ ज्यादा ही बढ़ा दी है। आरबीआई चाहता है कि एनबीएफसी गोल्ड लोन देते समय बैंक द्वारा बनाए सभी नियमों का कड़ाई से पालन करें। नियमों के उल्लंघन पर मार्च में आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस को नए गोल्ड लोन जारी करने से रोक दिया था। आरबीआई की सख्ती से गोल्ड लोन मिलने में आम आदमी को थोड़ी परेशानी हो सकती है और साथ ही इससे एनबीएफसीज के कारोबार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

## आरबीआई ने अब एनबीएफसीज पर कर दी है सख्ती

### क्या होगा सख्ती का असर?

भारतीय रिजर्व बैंक की इस सख्ती का काफी नकारात्मक असर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो पर होगा। एनबीएफसीज द्वारा तुरंत नकदी में लोन देने की वजह से गोल्ड लोन बिजनेस बढ़ रहा था। इस पर रोक लगने से एनबीएफसीज का गोल्ड लोन आकर्षक नहीं रह जाएगा। दूसरा, बैंकों के मुकाबले एनबीएफसी सोने पर ज्यादा लोन राशि दे रही हैं। आरबीआई की सख्ती से अब वे केवल सोने के मूल्य का केवल 75 फीसदी ही लोन दे पाएंगी। इससे भी गोल्ड लोन कारोबार पर असर होगा।




### लोन मिलने में ज्यादा समय लगेगा

गोल्ड लोन लेने वाले ग्राहक पर भी प्रभाव होगा। सोने के आभूषणों पर अब उसे पहले के मुकाबले कम लोन मिलेगा। इसके अलावा गोल्ड लोन पर आरबीआई की सख्ती के चलते उसे ज्यादा कागजी कार्रवाई भी करनी होगी। इससे लोन मिलने में पहले के मुकाबले ज्यादा देर लगने की भी आशंका है।

### आरबीआई को मिल रही थी शिकायतें

भारतीय रिजर्व बैंक को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि एनबीएफसीज गोल्ड लोन देने में नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, गिरवी रखे गए गहनों की कुल कीमत का केवल 75 फीसदी ही लोन के रूप में दिया जा सकता है।

### राशि अकाउंट में न डाल सीधे ग्राहकों को दे रही

बहुत सी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां निर्धारित सीमा से ज्यादा लोन राशि ग्राहक को दे रही हैं। साथ ही लोन राशि ग्राहक के बैंक अकाउंट में न डालकर नकदी में दे रही है। आरबीआई ने अब एनबीएफसीज को कहा है कि वे 20,000 रुपए से ज्यादा लोन राशि ऋण लेने वाले के बैंक खाते में ही डालेगी।

## केंद्रीय बैंक की और से अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा

# आरबीआई ने भरा सरकार का खजाना, दिया 2.11 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड डिविडेंड

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। पिछला उच्चतम स्तर वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था जब रिजर्व बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, 'निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी।'

चालू वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था।

- यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है
- वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ का लाभांश दिया



### राजकोषीय घाटा कम करने में मिलेगी मदद

अनुमान से अधिक लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर यानी राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### बैंक के कामकाज पर हुई चर्चा

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वृद्धि परिदृश्य से जुड़े जोखिमों और वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की भी समीक्षा की। इसके अलावा बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रिजर्व बैंक के कामकाज पर चर्चा की गई और पिछले वित्त वर्ष के लिए इसकी वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण को मंजूरी दी गई।

### निर्णय आर्थिक पूंजी ढांचे के आधार पर

आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देय लाभांश राशि के बारे में निर्णय अगस्त, 2019 में अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर लिया गया है। बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने ईसीएफ की अनुशंसा की थी। समिति ने कहा था कि सीआरबी के तहत जोखिम प्रावधान को आरबीआई के बही-खाते के 6.5 से 5.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाना चाहिए।

### सीआरबी 5.50 फीसदी पर बनाया रखा


आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के बीच व्यापक आर्थिक स्थितियों और कोविड-19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को 5.50 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया था। इससे वृद्धि एवं समग्र आर्थिक गतिविधि का समर्थन मिलने की उम्मीद थी।

### सीआरबी को बढ़ाकर 6 फीसदी किया

आरबीआई ने कहा, 'वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर सीआरबी को बढ़ाकर 6.00 प्रतिशत किया गया था। अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है।'

# रिलायंस, इन्फोसिस में खरीदारी से सेंसेक्स 268 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी में पांचवें दिन बढ़त

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 267 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 267.75 अंक बढ़त के साथ 74,221.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 354.48 अंक तक उछल गया था। इसी प्रकार, निफ्टी 68.75 अंक बढ़त के साथ 22,597.80 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले भारतीय बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला। निवेशक कंपनियों की चौथी तिमाही के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चितता कम होने से आशान्वित हैं।'

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील तथा टाटा मोटर्स शामिल हैं।

### बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बुधवार को पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के आंकड़े पर पहुंचा। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के साथ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 267.75 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,221.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 354.48 अंक तक उछल गया था। कारोबार खत्म होने पर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,15,94,033.72 करोड़ रुपये (पांच लाख करोड़ डॉलर) रहा।

# भारत ने प्रतिबंध हटने के बाद 45,000 टन प्याज किया निर्यात

- निर्यात पश्चिम एशिया और बांग्लादेश को किया गया
- दिसंबर में प्याज के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में मई की शुरुआत में प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटने के बाद 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। दुनिया के सबसे बड़े सब्जी निर्यातक ने गत दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और फिर सुस्त उत्पादन के कारण कीमतों में वृद्धि के बाद मार्च में इसे बढ़ा दिया था। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा, ' प्रतिबंध हटने के बाद से 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है। अधिकतर निर्यात पश्चिम एशिया और बांग्लादेश को किया गया।' सरकार ने चुनाव के दौरान प्याज की कीमतें कम रखने के लिए चार मई को प्रतिबंध हटा दिया था। हालांकि, प्रति टन पर 550 अमेरिकी डॉलर का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया गया था। खरे ने कहा कि इस साल अच्छे मानसून के पूर्वानुमान से जून से प्याज सहित खरीफ (ग्रीष्मकालीन) फसलों की बेहतर बुवाई सुनिश्चित होगी। अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों ने चालू वर्ष के लिए लक्षित 5,00,000 टन का भंडार (बफर स्टॉक) रखने के लिए हालिया रबी (सर्दियों) की फसल से प्याज की खरीद शुरू कर दी है।



***उत्पादन सालाना आधार पर 16 फीसदी घटा :*** *कृषि मंत्रालय के प्राथमिक अनुमान के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में कम उत्पादन के कारण फसल वर्ष 2023-24 में देश का प्याज उत्पादन सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 2.54 करोड़ टन रहने की उम्मीद है।*

## एमबीए स्नातकों की नौकरी छोड़ने की ऊंची दर चिंता का विषय : अध्ययन

**मुंबई।** एमबीए स्नातकों के बीच नौकरी छोड़ने की दर चिंता का विषय बनी हुई है, खासकर शीर्ष स्तर परिसरों के लिए प्रवेश स्तर की नौकरियों में...।


डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) के नए कैंपस कार्यबल रुझान 2024 के अध्ययन से पता चलता है कि नौकरी छोड़ना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासकर एमबीए स्नातकों के बीच।

# सोने में 50 रुपए की गिरावट, चांदी 600 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये की तेजी के साथ 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में यह 94,500 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।



- सोना गिरावट के साथ 74,600 प्रति दस ग्राम पर बंद

***चांदी बढ़कर 31.75 डॉलर प्रति औंस :*** *हालांकि, चांदी की कीमत बढ़त के साथ 31.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 31.60 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में सोना 171 रुपये की गिरावट के साथ 73,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।*

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# आरबीआई की कड़ाई का असर पेटीएम के नतीजों पर, बढ़ गया घाटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फाइनेंशियल टेक कंपनी पेटीएम पिछले काफी समय से चर्चा में बनी हुई है और लंबे समय से ज्यादातर खबरें कंपनी के लिए चिंता का सबब बनी रहीं। अब कंपनी के वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे आए हैं जिसमें साफ दिखा है कि पिछले दिनों के अपडेट्स का असर कंपनी की कमाई और मुनाफे पर भी आया है।

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस के चौथी तिमाही नतीजों में कंपनी का घाटा अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपए हो गया है। इससे पिछले साल की समान अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपए रहा था। पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक कॉरपोरेशन (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिबंध के असर से 300-500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया था।




### पेटीएम की ऑपरेशनल कमाई घटी पर सालाना कमाई में इजाफा

वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में पेटीएम की ऑपरेशनल इनकम 2.8 फीसदी घटकर 2267.1 रुपये हो गई। पिछले साल की समान अवधि में यह 2464.6 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1422.4 करोड़ रुपये हो गया है जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1776.5 करोड़ रुपए रहा था।

### सालाना आधार पर राजस्व 25 फीसदी बढ़ा

सालाना आधार पर कंपनी का घाटा 19 फीसदी कम हो गया है जो राहत की खबर है। पेटीएम ने आज शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पेटीएम का सालाना राजस्व करीब 25 फीसदी बढ़कर 9978 करोड़ रुपए हो गया और यह 2022-23 में 7990.3 करोड़ रुपए रहा था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# विश्व पैरा एथलेटिक्स : सचिन ने जीता स्वर्ण, धरमबीर को कांसा, भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| कोबे

भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस प्रदर्शन से भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया।

धरमबीर ने पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 वर्ग में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 12 पहुंच गई जिसमें पांच स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत इस तरह चीन (18-16-14) और ब्राजील (17-8-5) के बाद तीसरे स्थान पर बरकरार है। इससे पहले भारत ने 2023 चरण में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।




## बेहतर किया रिकॉर्ड

सचिन ने 16.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था।

## कोहनी की मांसपेशियां कमजोर

*पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है। महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले सचिन स्कूली दिनों में एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके।*

'मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए।'

\- सचिन खिलाड़ी

## धरमबीर ने 33.61 मीटर किया थ्रो



पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 फाइनल में धरमबीर ने धीरे धीरे अपने थ्रो में सुधार करते हुए 33.61 मीटर के पांचवें प्रयास से कांस्य पदक सुनिश्चित किया। सर्बिया के जेलिजको दिमित्रिजेविच ने 34.20 मीटर के थ्रो से मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि मेक्सिको के मारियो संताना हर्नांडिज ने 33.62 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता। एफ51 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके धड़ और पैर में गंभीर विकृति होती है। इसमें प्रतिस्पर्धी बैठकर ही क्लब फेंकते हैं जिसके लिए वे अपने हाथ और कंधे की ताकत का इस्तेमाल करते हैं।

## आईपीएल

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
741 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
24 विकेट
पंजाब

## बाउंड्री मीटर

2132 चौके
1237 छक्के

## खबर संक्षेप

### भारतीय जूनियर टीम ने डच क्लब को हराया

**ब्रेडा।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की।



पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया। भारत के लिए हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया। इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे।

## आईपीएल : रॉयल्स ने एलिमिनेटर में आरसीबी को चार विकेट से हराया

# राजस्थान-हैदराबाद में होगी क्वालीफायर-2 जंग, रॉयल चैलेंजर्स का टूटा 'विराट सपना'

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को चार विकेट से हरा दिया। इसके साथ विराट कोहली की टीम बेंगलोर का सफर खत्म हो गया है और 17 साल से उसका खिताबी सपना एकबार फिर पूरा नहीं हो सका।

इस तरह बेंगलोर के लगातार छह मैच जीतने का सफर भी खत्म हो गया। मैच में बेंगलोर ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 172 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम करने में सफल रही। अब राजस्थान क्वालीफायर-2 में 24 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।



### चहल सबसे सफल गेंदबाज

युजवेंद्र चहल चहल आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज हैं। उन्होंने अब तक इस लीग में 205 विकेट लिए हैं। वह इस लीग में 200+ विकेट का आंकड़ा छूने वाले पहले गेंदबाज भी हैं। बेंगलोर के खिलाफ एलिमिनेटर में उन्होंने विराट कोहली को पवेलियन भेजा। इस विकेट के साथ वह राजस्थान के सबसे सफल गेंदबाज भी बन गए। चहल ने राजस्थान के लिए अब तक 66 विकेट लिए हैं।

### अश्विन ने झटके दो विकेट

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आठ विकेट पर 172 रन पर रोक दिया। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट) की अगुआई में खराब पावरप्ले से उबरते हुए नियमित अंतराल पर विकेट झटककर आरसीबी बल्लेबाजों को बड़ी साझेदारी नहीं बनाने दी। पिछले मैचों में काफी समय से विकट नहीं लेने वाले अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 19 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए।

### विराट 8000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज

मैच में 29 रन बनाते ही विराट ने एक खास मुकाम हासिल किया। वह आईपीएल में 8000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। आईपीएल में उनसे ज्यादा रन किसी ने नहीं बनाए हैं।

## स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का सब बो चहल | 33 | 24 | 3 | 1 |
| डुप्लेसी का पावेल बो बोल्ट | 17 | 14 | 2 | 1 |
| ग्रीन का पावेल बो अश्विन | 27 | 21 | 2 | 1 |
| रजत का पराग बो आवेश | 34 | 22 | 2 | 2 |
| मैक्सवेल का जुरेल बो अश्विन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| लोमरोर का पावेल बो आवेश | 32 | 17 | 2 | 2 |
| कार्तिक का जायसवाल बो आवेश | 11 | 13 | 1 | 0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 09 | 04 | 0 | 1 |
| कर्ण का पावेल बो संदीप | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 172/8
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-16-1, संदीप 4-0-48-1, आवेश 4-0-44-3, अश्विन 4-0-19-2, चहल 4-0-43-1,

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का कार्तिक बो ग्रीन | 45 | 30 | 8 | 0 |
| कोहलर कैडमोर बो फर्ग्यूसन | 20 | 15 | 4 | 0 |
| सैमसन स्ट कार्तिक बो कर्ण | 17 | 13 | 0 | 1 |
| रियान पराग बो सिराज | 36 | 26 | 2 | 2 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट | 08 | 08 | 1 | 0 |
| हेटमायर का डुप्लेसी बो सिराज | 26 | 14 | 3 | 1 |
| रोवमैन पावेल नाबाद | 16 | 08 | 2 | 1 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 19 ओवर में 174/6
गेंदबाजी : स्वप्निल 2-0-19-0, सिराज 4-0-33-2, दयाल 3-0-37-0, फर्ग्यूसन 4-0-37-1, कर्ण 2-0-19-1, ग्रीन 4-0-28-1।

## प्रो लीग : भारत ने अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में निर्धारित समय में 2-2 से बराबरी पर रहने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना को 5-4 से हराने में सफल रही। भारत के लिए मनदीप सिंह (11वें मिनट) और ललित कुमार उपाध्याय ने मैदानी गोल दागे जबकि अर्जेंटीना की ओर से लुकास मार्टिनेज (20वें) और टॉमस डोमेने (60वें) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। शूटआउट में कप्तान



हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह ने दो दो गोल जबकि अभिषेक ने एक गोल किया। भारतीय पुरुष टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में शुक्रवार को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी।

### महिला टीम को अर्जेंटीना से मिली 0-5 से हार, गोलकीपर सविता टीम से बाहर

एंटवर्प। भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच महिला प्रो लीग अभियान के यूरोपीय चरण की शुरुआत निराशाजनक रही, उसे बुधवार को यहां अर्जेंटीना से 0-5 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के लिए



जुलिएटा जानकुनास (53वें, 59वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि ऑगस्टिना गोर्जेलानी (13वें), वेलेंटीना रापोसो (24वें) और विक्टोरिया मिरांडा (41वें) ने एक एक गोल किए। नए कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच खेल रही भारतीय महिला टीम लय में नहीं दिखीं और खिलाड़ी पहले दो क्वार्टर में सर्कल में अंदर सेंध लगाने में असमर्थ दिखीं। हैरानी भरी बात रही कि भारत की पूर्व कप्तान और अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को टीम में चुने जाने के बावजूद भारतीय टीम लाइनअप से बाहर रखा गया। इससे बीचू देवी खारीबाम ने गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9109133001, ग्रैंड होंडा – 0771-4033794, वरूण होंडा – 0771-4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) – 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा – 0788-4017246, 8458882333, बोरसी – 8458880444, रिसाली – 9340000620, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744-223100, मनराज होंडा – 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 07868 241600

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

# ब्रम्हांड में दिखा 'भगवान का हाथ'! नासा ने शेयर की तस्वीर, राज से उठाया पर्दा

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

भगवान को किसी ने देखा नहीं, लेकिन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने ब्रम्हांड की एक ऐसी तस्वीर शेयर की है, जिसे देखकर लोग चकित हैं। दरअसल, नासा ने इसे हेंड ऑफ गॉड यानी 'भगवान का हाथ' बताया है। यह तस्वीर इन दिनों खूब चर्चा में है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या सच में अंतरिक्ष में भगवान के दर्शन हो रहे हैं? इसके बाद नासा ने इसका रहस्य बताया। जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। यह तस्वीर 6 मई को कैप्चर की गई।

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, नासा हर सप्ताह ब्रम्हांड की खूबसूरत और आश्चर्यजनक तस्वीरें शेयर करती है, जिसे स्पेस फोटो ऑफ द वीक कहा जाता है।लेकिन इस बार जो तस्वीर उन्होंने साझा की है, उसने हंगामा मचा दिया है। इस तस्वीर में ब्रम्हांड में मुट्ठीनुमा एक आकृति नजर आ रही है। देखने से ऐसा लग रहा कि जैसे कोई सर्वोच्च शक्ति आशीर्वाद दे रही हो। नासा ने इसके रहस्य से पर्दा उठाया। बताया कि ये चमकीली चीज कुछ और नहीं, बल्कि एक नेबुला है जो तारे के टूटने के बाद बचा रह गया। यहां पर सितारों का जन्म हो रहा है।

### यह है गम नेबुला

नासा के मुताबिक, यह गम नेबुला है, जिसे सीजी 4 के नाम से जाना जाता है। जो 1,300 प्रकाश वर्ष दूर है। सीजी 4 गैस और धूल से बना एक बादल है, जहां तारों का जन्म होता है। लेकिन अजीब आकार की वजह से इसे दो नाम दिए गए हैं। धूमकेतु से मिलती-जुलती पूंछ की वजह से इसे कॉमेट्री ग्लोब्यूल के नाम से जाना जाता है। वहीं, ब्रम्हांड में फैली विशाल भुजाओं की वजह से इसे 'भगवान का हाथ' भी कहा जाता है।



### ब्लैंको टेलीस्कोप से खींची गई तस्वीर

यह तस्वीर चिली में ब्लैंको टेलीस्कोप से खींची गई। इसमें सीजी 4 का धूल भरा सिर और लंबी पूंछ नजर आ रही है। ऐसा लग रहा कि यह एक आकाशगंगा को खाने की तैयारी में है। लेकिन क्लोजअप करने पर आप देखेंगे कि इससे दो सितारों का जन्म हो रहा है, जो उंगलियों की तरह नजर आ रहे हैं। कॉमेट्री ग्लोब्यूल कैसे बनते हैं, यह अभी भी रहस्य है। कुछ खगोलशास्त्रियों का मानना है कि इनका आकार पास के विशाल गर्म तारों से आने वाली हवाओं के कारण बना है। दूसरों का सुझाव है कि ये संरचनाएं गोलाकार निहारिकाएं हो सकती हैं जो पास के सुपरनोवा के असर की वजह से विकृत हो जाती हैं।

## दुनिया की बढ़ी चिंता

# वेनेजुएला में खत्म हो गए सभी ग्लेशियर



एजेंसी ▶▶| लंदन

जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनियाभर में गर्मी बढ़ रही है। इसके साथ ही बेमौसम भारी बारिश, पानी की कमी, आग लगने की घटनाएं और लोगों को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव दुनिया के ग्लेशियरों पर पड़ रहा है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला से एक ऐसी खबर सामने आई है, जो दुनिया के लिए बेहद डराने वाली है। दरअसल, वेनेजुएला में मौजूद सभी ग्लेशियर खत्म हो गए हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि कभी इस देश में छह ग्लेशियर हुआ करते थे।

**अब अन्य देशों पर मंडरा रहा बड़ा खतरा**

वेनेजुएला में मौजूद पांच ग्लेशियर पहले ही खत्म हो चुके थे, लेकिन आखिरी बचा ग्लेशियर भी समाप्त हो गया है। यह ग्लेशियर इतना सिकुड़ चुका है कि वैज्ञानिकों ने इसे बर्फ के मैदान के तौर पर वर्गीकृत किया है। अब वेनेजुएला में एक भी ग्लेशियर नहीं है। यह दुनिया का पहला ऐसा देश है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण सभी ग्लेशियर खत्म हो गए हैं। लॉस एंडीज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जूलियो सीजर सेंटेनो ने बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में अब एक भी ग्लेशियर नहीं है।

### पूरी दुनिया में बढ़ रहा है औसत तापमान

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरी दुनिया का औसत तापमान बढ़ रहा है और बर्फ पिघल रही है। इसके कारण दुनिया भर में समुद्र का जल स्तर भी बढ़ रहा है। डरहम विश्वविद्यालय के ग्लेशियोलॉजिस्ट कैरोलिन क्लासन ने कहा कि वेनेजुएला के आखिरी ग्लेशियर पर अधिक बर्फ नहीं जमी है। इस साल मार्च में लॉस एंडीज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने देखा कि यह ग्लेशियर अब सिर्फ दो हेक्टेयर में रह गया है, जो पहले 450 हेक्टेयर में फैला था।

### कोई वैश्विक मानक नहीं

शोधकर्ताओं का कहना है कि ग्लेशियर के तौर योग्य होने के लिए बर्फ के एक टुकड़े के न्यूनतम आकार को लेकर कोई वैश्विक मानक नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, आमतौर पर स्वीकृत दिशानिर्देश करीब 10 हेक्टेयर है। नासा ने साल 2018 में माना था कि यह वेनेजुएला का आखिरी ग्लेशियर है।

## 50 साल से वीरान है यह द्वीप, हजारों की मौत का काला इतिहास है इसका



**लंदन।** यदि आपने कभी सोचा है कि यदि हर एक व्यक्ति गायब हो जाए तो पृथ्वी कैसी दिखेगी, तो जापान के तट पर यह डरावना छोड़ा हुआ द्वीप इसकी एक अच्छी मिसाल है। नागासाकी तट से नौ मील दूर हाशिमा द्वीप स्थित है और 50 वर्षों से अधिक समय से पूरी तरह से निर्जन है। अब यह पूरी तरह से प्रकृति के हवाले है। वर्तमान में, इसकी जनसंख्या शून्य है, लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था। इसने गुलामी और जबरन श्रम के अपने लंबे और अंधेरे इतिहास में, कई दुर्भाग्यपूर्ण आत्माओं को गुजरते देखा है। इस द्वीप का उपनाम गुंकनजिमा है, जिसका अर्थ युद्धपोत द्वीप होता है।


**अब केवल टूरिस्ट ही आते हैं यहां!**

अपनी उपस्थिति के कारण, यह द्वीप मूल रूप से 1800 के दशक में कोयला खनन स्थान के रूप में समृद्ध हुआ, जब कोयले के समृद्ध भंडार की खोज की गई थी। मित्सुबिशी ने 1890 में द्वीप और इसकी खदानें खरीदीं, और श्रमिकों और उनके परिवारों को वहां रहने दिया। निर्माण क्षेत्र के दिग्गजों ने द्वीप को आबाद कर रिहायशी सुविधाओं का निर्माण किया। द्वीप पर रहने वालों का वेतन मुख्य भूमि पर काम करने वालों की तुलना में काफी अधिक था और इसलिए कई लोगों के पास नवीनतम तकनीक से सुसज्जित घर थे। फिर भी निवासियों के लिए स्थितियां कठिन थीं और खदानों से निकलने वाले धुएं के साथ मिश्रित भारी समुद्री हवा का मतलब गंभीर सांस की बीमारी थी।आखिरकार कोयले के भंडार खत्म हो गए और वहां खनन संभव नहीं रह गया। जैसे-जैसे लोग दूर चले गए और द्वीप खाली हो गया, उल्लेखनीय कंक्रीट संरचनाएं ढह गईं और प्रकृति ने भूमि को फिर से हासिल करना शुरू कर दिया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, चीनी युद्धबंदियों को शोषित कोरियाई आप्रवासियों के साथ हाशिमा लाया गया था, और खदानों के भीतर सबसे खतरनाक कार्यों को अंजाम देते हुए कठोर और अमानवीय परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया गया था।

# ब्लैक होल में गिरने से ब्रम्हांड की होगी सबसे दर्दनाक मौत!

*न्यूयार्क। ब्लैक होल के बारे में कहा जाता है कि वह ऐसा दैत्य है जो प्रकाश तक को खा जाता है। ऐसे में कोई इंसान कैसे बच सकता है। लेकिन अगर कोई इंसान ब्लैक होल में जाने लगे तो उसके साथ क्या होगा। यह बड़ा रहस्य है। नासा के सिम्यूलेशन ने इसी रहस्य को वीडियो के जरिए समझाया है। नासा ने इसी का एक सिमुलेशन बनाया है, कि यदि आप ब्लैक होल में गिर गए तो आपके साथ क्या होगा। इसकी खास बात यही है कि यह सूक्ष्म स्तर पर बताता है कि गिरी हुई वस्तु के साथ क्या होगा! ब्लैक होल में गिरने से ब्रम्हांड की सबसे दर्दनाक मौत होगी।*

## नासा के सिम्यूलेशन ने बताया



### क्या है पूरी प्रक्रिया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने ब्लैक होल में प्रवेश करने वाली एक वस्तु का एक दृश्य बनाया है जो "स्पैगेटिफिकेशन" की प्रक्रिया को दर्शाता है। यदि आप इतने दुर्भाग्यशाली होते कि ब्लैक होल में फंस जाते तो आपके साथ यही होता और यह वास्तव में दम टूटने का एक भयानक तरीका है। एस्ट्रोफिजीस्ट ने ब्लैक होल में गिरने वाली वस्तुओं का क्या होता है, इसका वर्णन करने के लिए बताया है कि वे स्पेगेटी की तरह फैलते हैं। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के खगोलशास्त्री जेरेमी श्निटमै ने इसे तैयार किया था।

### जब ब्लैक होल में गिरता है कैमरा

यह मानसिक चित्रण दर्शकों को ब्लैक होल की एकतरफा यात्रा पर ले जाता है। सिमुलेशन एक कैमरे के रूप में प्रकाश की विकृति को दर्शाता है। जब कैमरा ब्लैक होल में गिरता है तो यह रोशनी मुड़ती और खिंचती है और फिर टूटकर वापस प्रकाश की मूल रेखा के चारों ओर झुक जाती है। यह ब्लैक होल की बाहरी सीमा से परे और ऐसे स्थान पर यात्रा करने की घटना को प्रदर्शित करता है जहां प्रकाश भी छेद के भीषण गुरुत्वाकर्षण खिंचाव से बच नहीं सकता है। स्पेसडॉटकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, प्रकाश का वलय उस बिंदु का प्रतिनिधित्व करता है जहां से वापस नहीं लौटा जा सकता है, जिसका अर्थ है कि यही वह चीज है जो इसे इतनी दूर ले जाती है।

### मजबूत होती है ब्लैक होल की गुरुत्वाकर्षण विलक्षणता

एक ब्लैक होल की गुरुत्वाकर्षण विलक्षणता इतनी मजबूत होती है कि यह ज्वारीय बलों को बहुत तीव्र कर देती है जिससे वस्तुएं लंबवत रूप से खिंच जाती हैं और कुचल जाती हैं। इससे वह वस्तु तारा, अंतरिक्ष यात्री, एलियन या जो भी हो एक नूडल में बदल जाती है, या उन्हें स्पेगेटीफाई कर देती है। हैरानी की बात नहीं, यह किसी को भी मार देगा।

## नारायणपुर जिला मुख्यालय की घटना

# ड्यूटी के दौरान चली गोली आईटीबीपी का जवान गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला मुख्यालय नारायणपुर में बुधवार को एक्सीडेंटल फायरिंग के चलते आईटीबीपी का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जवान की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक नारायणपुर के जेलबाड़ी में आईटीबीपी 53 बटालियन का जवान तैनात था। इसी दौरान जवान के सर्विस राइफल से एक्सीडेंटल फायर हो गया जिससे उसके कंधे में गोली लग गई। इस घटना में घायल जवान को तुरंत इलाज के जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया। घायल जवान का नाम मनीष एम बताया जा रहा है जो केरल के कोल्लम जिला का निवासी है। गोली लगने से घायल जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जवान एक्सीडेंटल फायरिंग में गोली लगने से घायल हुआ है।

### एक्सीडेंटल फायर हो गया: एएसपी

घटना की पुष्टि एएसपी राबिंसन गुरिया ने करते हुए बताया कि नारायणपुर के जेलबाड़ी में जवान तैनात था। इसी दौरान उसके सर्विस राइफल से एक्सीडेंटल फायर हो गया।

# फ्लाइट में सोने के लिए महिला ने किया गजब का जुगाड़

## सामान रखने वाली जगह को बनाया 'अपर बर्थ' और लेटकर सो गई

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

फ्लाइट का सफर बेहद आरामदायक होता है, शायद इसीलिए आजकल लोग ट्रेन से ज्यादा फ्लाइट में सफर करना पसंद करते हैं। लेकिन, इन दिनों सोशल मीडिया पर फ्लाइट के ऐसे-ऐसे वीडियो देखने को मिलते हैं, जिन्हें देखकर आप भी यही सोचेंगे कि फ्लाइट में सफर करना भी अब ट्रेन जैसा ही हो गया है। फ्लाइट में कभी कोई किसी को थप्पड़ मार देता है, तो कभी कोई किसी के ऊपर पेशाब कर देता है। लेकिन, अब जो हुआ वो तो इन सबसे ज्यादा अजीब है। दरअसल, इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला विमान के ऊपरी हिस्से में जहां सामान रखा जाता है, वहां लेटकर सोते हुए नज़र आ रही है।



### खूब मजे ले रहे थे सहयात्री

न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, यह घटना साउथवेस्ट एयरलाइंस की है, जहां फ्लाइट में यात्रा कर रही एक यात्री की हरकत से लोग उस समय हैरान रह गए, जब उसे विमान के ओवरहेड डिब्बे में लेटकर सोते हुए देखा गया। लेकिन यह सच है क्योंकि यह वीडियो एक टिकटॉक यूजर द्वारा पोस्ट किया गया था जो 5 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है और तेजी से वायरल हो रहा है। टिकटॉक पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'साउथवेस्ट एयरलाइंस वाकई बेपरवाह है', जिसमें महिला को ओवरहेड डिब्बे में लेटे हुए देखा गया था। इस दौरान सहयात्री उसे देखकर खूब मजे ले रहे थे।

## हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

# शराब घोटाला केस में अनवर को अंतरिम जमानत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



शराब घोटाला केस में फंसे अनवर ढेबर की अंतरिम जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस बार भी ढेबर ने मेडिकल ग्राउंड पर बेल मांगी थी। दरअसल, जेल में बंद आरोपी अनवर ढेबर ने लोअर कोर्ट से अंतरिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट की शरण ली थी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बीच उनके वकील ने अंतरिम जमानत अर्जी पर जल्द सुनवाई की अपील की है, जिस पर जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई की। ढेबर के वकील ने मेडिकल ग्राउंड पर इलाज के लिए जमानत देने का आग्रह किया था। साथ ही कहा कि अनवर को किडनी की बीमारी है और उन्हें यूरिन करने में दिक्कत हो रही है। सुनवाई के दौरान यह भी तर्क दिया गया कि ढेबर का इलाज चल रहा है, जिसके लिए अस्पताल जाने की जरूरत पड़ती है।

### मेडिकल बोर्ड से जांच कराई

ईओडब्ल्यू ने मेडिकल बोर्ड से जांच कराई है, जिसमें उसे किसी तरह की कोई परेशानी नहीं बताई गई है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने उसकी अंतिरम बेल का आवेदन खारिज कर दिया। वहीं, नियमित जमानत अर्जी पर 10 जून के बाद अंतिम सुनवाई के लिए प्रकरण रखने के निर्देश दिए हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com